विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 295 | कोरबा, रविवार, दिनांक 27 जुलाई 2025 डाक 28 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
सीपीआई-एम नेता वृंदा करात पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुभाष मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित जुलूस में भाग लेती हुई



**देश-विदेश**
थाइलैंड और कंबोडिया के बीच लड़ाई जारी, 33 की मौत, करीब 2 लाख लोग हुए विस्थापित



**फीचर पेज**
योगा पैंट्स को रोजाना पहनने के लिए इन 5 तरीकों से करें स्टाइल



## शुभांशु शुक्ला और चंद्रयान मिशन के बाद देश में विज्ञान का माहौल बना : पीएम मोदी



**नईदिल्ली, 27 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में अपने संबोधन में कहा, मन की बात में एक बार फिर बात होगी देश की सफलताओं की, देशवासियों की उपलब्धि की। पिछले कुछ समय में पूरा देश, खेल, विज्ञान और संस्कृति को लेकर बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी की बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर उतरे तो पूरा देश खुशी और गर्व से भर गया।

मुझे याद है कि जब चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग हुई तो देश में विज्ञान को लेकर अलग माहौल बना। अब छोटे-छोटे बच्चे अंतरिज्ञ विज्ञान में रुचि ले रहे हैं। आपने इंस्पायर मानक अभियान का नाम सुना होगा। यह बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा देने का अभियान है। इस अभियान में हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। इससे अब तक लाखों बच्चे जुड़ चुके हैं और चंद्रयान-3 मिशन के बाद इनकी संख्या दोगुनी हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी बोले देश में स्पेस स्टार्ट-अप तेजी से बढ़ रहे हैं। पांच साल पहले देश में 50 से भी कम स्टार्टअप थे। आज सिर्फ स्पेस सेक्टर में ही ये 200 से ज्यादा हो गए हैं। अगले महीने 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है। आप इसे कैसे मनाएंगे, कोई नया विचार है तो मुझे नमो एप पर जरूर भेजिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में भारत में विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में भारत के देवेश पंकज, संदीप कुची, देबदत्त प्रियदर्शी और उज्जवल केसरी ने मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। गणित की दुनिया में भी भारत अपनी जगह बना रहा है और इंटरनेशनल मेथमेटिकल ओलंपियाड में हमारे छात्र तीन गोल्ड, दो सिल्वर और एक कांस्य पदक जीत चुके हैं। अगले महीने मुंबई में एस्ट्रोनॉमी और एस्ट्रोफिजिक्स ओलंपियाड होने जा रहा है। यह अब तक का सबसे बड़ा ओलंपियाड होगा।

भारत अब ओलंपिक और ओलंपियाड, दोनों के लिए आगे बढ़ रहा है। यूनेस्को ने 12 मराठा किलो को वर्ल्ड हेरीटेज साइट्स के रूप में मान्यता दी है। इनमें 11 महाराष्ट्र के और एक तमिलनाडु का किला शामिल है। सल्हेर के किले में मुगलों की हार हुई। शिवनेरी में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ। खानदेरी में समुद्र के बीच किला है। दुश्मन उन्हें रोकना चाहते थे, लेकिन शिवाजी महाराज ने असंभव को संभव करके दिखा दिया। प्रतापगढ़ के किले में अफजल खान पर जीत मिली। विजयदुर्ग में गुप्त सुरंगें थीं। छत्रपति शिवाजी महाराज की दूरदर्शिता का प्रमाण इस किले में मिलता है। कुछ साल पहले रायगढ़ के दौरे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के सामने नमन करने का मौका मिला।

## हरिद्वार मे मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़, सात यात्रियों की मौत, 30 घायल, सीएम ने जताया दुख



**हरिद्वार 27 जुलाई।** उत्तराखंड के हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हुआ है। भगदड़ में सात लोगों की मौत की खबर है। कई लोगों के बुरी तरह से घायल होने की खबर भी है। मौके पर राहत एवं बचाव अभियान चल रहा है। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीमें घायलों को तुरंत अस्पतालों में पहुंचाने में लग गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, भगदड़ उस समय हुई जब मंदिर मार्ग पर हाईवोल्टेज लाइन का तार टूटकर गिर गया। मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। तार टूटने से अचानक मची अफरा-तफरी की वजह से स्थिति बेकाबू हो गई। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भारी भीड़ जमा होने के बाद मची भगदड़ मच गई। भगदड़ में सात लोगों की मौत हो गई। मैं घटनास्थल के लिए रवाना हो रहा हूं। घटना की विस्तृत रिपोर्ट का इंतज़ार है। हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर रविवार को अचानक एक बिजली का हाई वोल्टेज तार गिरने से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना के बाद वहां मौजूद श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। भगदड़ में सात लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हादसे के कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि हादसे में घायल हुए कुल 35 श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल में लाया गया है, जिसमें भगदड़ में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि अन्य लोग घायल हैं।

जिनमें से गंभीर अवस्था वाले मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर मार्ग में भगदड़ पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। माता रानी से सभी श्रद्धालुओं के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।

## सीएम साय ने सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर वीर जवानों को किया नमन



**रायपुर 27 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस (27 जुलाई) के अवसर पर वीर जवानों को शुभकामनाएं देते हुए उनके साहस, अनुशासन और बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्थापना दिवस के अवसर पर शांति, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए कार्यरत सभी सीआरपीएफ अधिकारियों और जवानों के उज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सीआरपीएफ जवानों की वीरता और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए सीआरपीएफ के जवानों ने जो अनुकरणीय सेवा, साहस और समर्पण दिखाया है, वह गौरव का विषय है।

## चुनाव से पहले तय हुआ लालू का सामाजिक समीकरण



**पटना, 27 जुलाई [एजेंसी]।**

अपने कोर वोट बैंक का ख्याल रखते हुए सुप्रीमो लालू प्रसाद ने राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। समिति में पांच महिलाओं समेत कुल 28 लोगों को जगह दी गई है, जिनमें से अधिकांश बिहार से हैं और पुराने चेहरे हैं। जिम्मेदारी तय करने में अनुभव और कार्यकुशलता के साथ-साथ लालू परिवार के प्रति समर्पण और निष्ठा को प्राथमिकता दी गई है। पूर्व उपमुख्यमंत्री राबड़ी देवी को फिर से उपाध्यक्ष बनाया गया है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को पहली बार यह जिम्मेदारी दी गई है, जिन्होंने स्वास्थ्य कारणों से एक बार फिर पार्टी की बिहार इकाई की कमान संभालने से इनकार कर दिया था। तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक में उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका देने का अनुरोध करके पहले ही इसका संकेत दे दिया था। उपाध्यक्ष पद पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी को बरकरार रखा गया है। चौथे उपाध्यक्ष पूर्व सांसद महबूब अली कैंसर हैं, जो पहली बार इस भूमिका में आए हैं।बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी को एक बार फिर प्रधान महासचिव और विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह को फिर से कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन पर मजबूत पकड़ रखने वाले सिद्दीकी पार्टी से लेकर सरकार तक हर भूमिका में सुप्रीमो की कसौटी पर खरे उतरे हैं। वे लंबे समय से पार्टी के लिए रणनीति बनाते रहे हैं।

सुनील लालू परिवार के इतने करीबी हैं कि राबड़ी उन्हें अपना भाई कहती हैं। राजद को संसाधन संपन्न बनाने में अब तक उनका योगदान सराहनीय माना जाता है। उनके साथ 12 महासचिव और 10 सचिव बनाए गए हैं। कई दलों में जा चुकीं पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा को भी राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। पार्टी की बिहार इकाई के अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल, मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव और प्रवक्ता चितरंजन यादव ने सभी पदधारियों को बधाई दी है।

## रॉन्ग साइड दौड़ रही बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटी सवार तीन को रौंदा, एक बच्ची की मौत

**नोएडा।** सेक्टर 45 सदरपुर खजूर कॉलोनी के रहने वाले गुल मोहम्मद की पांच वर्षीय बेटी आयत को शनिवार को उल्टी दस्त लग गए थे। गुल मोहम्मद रात करीब साढ़े 12 बजे स्कूटी से आयत को राजा के साथ लेकर चाइल्ड पीजीआई गए थे। इस दौरान गेट नंबर तीन के पास हरियाणा नंबर की बीएमडब्ल्यू की 520 डी मॉडल की कार का चालक विपरीत दिशा में आ रहा था, उसने तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए गुल मोहम्मद की स्कूटी में टक्कर मार दी, तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई।जिला अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने आयत को मृत घोषित कर दिया, जबकि गुल मोहम्मद और राजा का उपचार चल रहा। सेक्टर 20 थाना पुलिस ने चालक को हिरासत और कार को कब्जे में ले लिया।



## मासूम जिंदगियों को निगल रही सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल बिल्डिंग

### आप नेता मनीष सिसोदिया ने बीजेपी पर बोला हमला



**नईदिल्ली।** राजस्थान में शनिवार को भी स्कूल की छत का एक हिस्सा गिर जाने पर आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर हमला बोला था, यह हमला रविवार (27 जुलाई) को भी जारी रहा। रविवार को उन्होंने उत्तर प्रदेश के हापुड़ में सरकारी स्कूल की छत का मलबा गिरने का मुद्दा उठाया। हालांकि उन्होंने इसे स्कूल की छत गिरना बताया। कहा कि अब उत्तर प्रदेश के हापुड़ में भी सरकारी स्कूल की छत गिर गई है। कहा कि बच्चे कक्षा में पढ़ रहे थे, छत सीधे उनके ऊपर गिर गई। कहा कि पहले राजस्थान का झालावाड़, अब हापुड़ हर जगह से सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल इमारतें मासूम ज़िंदगियों के लिए खतरा बन रही हैं। उन्होंने तंज कसा कि भाजपा को अपने पांच सितारा दफ्तर बनवाने का पूरा शौक है, लेकिन स्कूलों को खंडहर बनाए रखना इनकी राजनीति है। कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चे मरें या घायल हों, भाजपा वालों को क्या फर्क पड़ता है। इनके पार्टी दफ़्तर तो हरेक जिले में पांच सितारा होटलों की तरह बन चुके हैं। कहा कि अगर सरकारी स्कूल इनकी प्राथमिकता होते तो शायद ये दर्दनाक हादसे टाले जा सकते थे। सिसोदिया ने आप नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के एक्स पर की गई एक पोस्ट को रिपोस्ट कर अपना बयान दिया। जिसमे संजय सिंह ने कहा था कि हापुड़ के भमेंडा गांव में सरकारी स्कूल की छत ढही है, मासूम बच्चों पर लेंटर का मलबा गिरा है।

## दिल्ली के कुतुब विहार में सेप्टिक टैंक में गिरने से दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के कुतुब विहार इलाके में एक निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में कथित तौर पर गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुँची और जाँच शुरू की। उन्हें दोपहर करीब 2 बजे आईजी अस्पताल से सूचना मिली कि कुतुब विहार फेज-2 में एक निर्माणाधीन मकान के अंदर सेप्टिक टैंक में गिरने के बाद दो लोगों - सुभाष (32) और प्रदीप (22) - को अस्पताल लाया गया है। उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर टीवीके की तैयारी, कार्यकर्ताओं के लिए जारी किए दिशानिर्देश



**चेन्नई 27 जुलाई।** तमिल सुपरस्टार विजय की पार्टी टीवीके (तमिझगा वेत्री कड़गम) ने अपने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए कुछ खास निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश 2026 में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए दिए गए हैं। ये निर्देश रविवार को टीवीके के महासचिव एन. आनंद ने जारी किए। पार्टी के अंदर एक विस्तृत संदेश भेजा गया, जिसमें आनंद ने कहा कि चुनाव प्रचार का दौर शुरू हो चुका है। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी कि यह समय बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे ऐसा कोई काम न करें जिससे पार्टी की छवि, विचारधारा या उद्देश्य पर कोई आंच आए। आनंद ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि कोई भी शब्द, फोटो, स्टीकर, या दूसरी प्रचार सामग्री जो पार्टी ने आधिकारिक रूप से मंजूर नहीं की है, उसे बिलकुल भी इस्तेमाल न करें।

उन्होंने कहा कि ऐसा अनधिकृत सामान किसी भी हालत में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, चाहे वो पार्टी की बैठक हो, चुनाव प्रचार हो, या कोई भी प्रचार कार्यक्रम। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव प्रचार में कोई भी अनधिकृत बैनर, लोगो, या नारा इस्तेमाल नहीं किया जाए। सिर्फ वही सामग्री इस्तेमाल की जाए जो पार्टी ने मंजूर की है। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा, अगर कोई कार्यकर्ता इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी अनुशानात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## ऑस्ट्रेलिया में फिर हुआ भारतीय पर हमला, पहले कलाई काटी फिर पीठ में घोंपा छुरा, रीढ़ की हड्डी में आया फ्रैक्चर



**मेलबर्न।** आयरलैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया में भी भारतीयों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। हमलावरों ने एक और भारतीय युवक को निशाना बनाया है। 4-5 आरोपियों ने बीच सड़क पर उसे लहूलुहान करके छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित शख्स का नाम सौरभ आनंद है, जिसकी उम्र 33 वर्ष बताई जा रही है। ऑस्ट्रेलियन टुडे के अनुसार सौरभ को कई गंभीर चोटें आईं हैं। चोट इतनी ज्यादा थी कि इसका हाथ काटने तक की नौबत आ गई थी। यह घटना 19 जुलाई की शाम तकरीबन 7.30 बजे की है। सौरभ घर के नजदीकी मेडिकल स्टोर पर कुछ दवाईयां लेने गया था। मेडिकल स्टोर से घर लौटते हुए वो अपने दोस्त से फोन पर बात कर रहा था। तभी 5 लोगों ने उसे घेर लिया। इससे पहले की सौरभ कुछ समझ पाता एक आरोपी उसकी जेब की तलाशी लेने लगा और दूसरे ने उसके सिर पर जोर से घूंसा मारा और सौरभ नीचे गिर गया। सौरभ ने खुद का बचाव करते हुए दोनों हाथ उठा लिए। मगर, आरोपी यहीं नहीं रुके। उनमें से एक आरोपी ने जेब से धारदार चाकू निकाली और सौरभ की कलाई पर वार कर दिया। सौरभ के अनुसार, मैं खुद को बचाने की कोशिश कर रहा था, तभी एक चाकू मेरी कलाई से होकर गुजरी। दूसरा वार मेरे हाथों पर किया गया और तीसरा वार हड्डियों पर हुआ।

## एलजी ने दिल्ली पुलिस से सिनेमा हॉल को लाइसेंस देने का अधिकार वापस लिया



**नईदिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दिल्ली पुलिस से सिनेमा हॉल और थिएटरों को लाइसेंस देने का अधिकार वापस ले लिया है और शहर सरकार के राजस्व विभाग को लाइसेंसिंग प्राधिकारी के रूप में अधिकृत किया है। अधिकारियों के अनुसार, इस आदेश का उद्देश्य लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को आसान बनाना और दिल्ली में लालफीताशाही मुक्त व्यावसायिक माहौल बनाना है। ज़िला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली एक समिति को सिनेमा हॉल और मल्टीप्लेक्स को लाइसेंस देने का अधिकार होगा।

आधिकारिक परिपत्र में कहा गया है कि संबंधित एमसीडी ज़ोन के उपायुक्त, लोक निर्माण विभाग के सचिव द्वारा नामित एक संरचनात्मक इंजीनियरिंग/भवन विशेषज्ञ, एक अग्नि सुरक्षा विशेषज्ञ और एक विद्युत प्रणाली विशेषज्ञ वाली समिति ऐसे लाइसेंस देने के लिए सिफारिशें करेगी।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## अमृतसर में हथियार और ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ 5 आरोपी गिरफ्तार, पाकिस्तान से निकला कनेक्शन

**अमृतसर, 27 जुलाई [एजेंसी]।**




केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) द्वारा समर्थित संचालकों द्वारा संचालित अत्याधुनिक हथियारों और ड्रग मनी के एक बड़े सीमा पार तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने एक बयान में कहा, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तान-आईएसआई समर्थित संचालकों द्वारा संचालित अत्याधुनिक हथियारों और ड्रग मनी के एक बड़े सीमा पार तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। ऑपरेशन के परिणामस्वरूप पांच प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान जोबनजीत सिंह, गोरा सिंह, शेनशान, सनी सिंह और जसप्रीत सिंह के रूप में हुई। उनके पास से हथियारों और नकदी का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया। जिसमें दो मैगजीन के साथ एक एके सैगा 308 असॉल्ट राइफल, चार मैगजीन के साथ दो ग्लॉक 9 मिमी पिस्तौल, एके राइफल के 90 जिंदा कारतूस, 9 मिमी कैलिबर के 10 जिंदा कारतूस, 7.50 लाख रुपये की ड्रग मनी, एक कार शामिल है। और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।डीजीपी यादव के अनुसार, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपियों के पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गो से सीधे संबंध थे। डीजीपी ने कहा, पकड़ी गई खेप गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के सहयोगी नव उर्फ नव पंडोरी को दी जानी थी, इससे पता चलता है कि आतंकवादी और गैंगस्टर आपस में मिलकर काम कर रहे हैं। गुरदासपुर निवासी जगदीप सिंह उर्फ जग्गू भगवानपुरिया के खिलाफ 120 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, जबरन वसूली, मादक पदार्थों की तस्करी और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उसे पंजाब का एक कुख्यात गैंगस्टर माना जाता है और लॉरेंस बिश्नोई का गुरु भी माना जाता है। पंजाब पुलिस ने राज्य में संगठित अपराध और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने, संगठित अपराध को खत्म करने और राज्यभर में शांति, सुरक्षा और सद्भाव बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।यह कार्रवाई एक दिन पहले ही एक अलग बड़े अभियान के बाद हुई है, जिसमें अधिकारियों ने सीमा पार हेरोइन तस्करी के एक और मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। अटारी में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हेरोइन की एक खेप ले जाते समय पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े चार प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया गया।

# 3 महीने से तनातनी के बाद सुषमा की हत्या, पति गिरफ्तार



**कोरबा ।** आखिरकार एक और लव मैरिज का दर्दनाक अंत हो गया। ग्राम पंचायत बांगो की सचिव सुषमा खुसरो की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। उसका हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका पति अभिनेक लदेर ही निकला। पिक्चर देखने की बात पर विवाद के बाद उसने तकिया से सुषमा का गला दबाकर हत्या कर दी। फिर कहानी को आत्महत्या का रूप देने आसपास में अखबार और अन्य चीजें जला दी। पुलिस की पूछताछ में वह टूट गया। चार दिन पहले जिला जेल के पीछे गोकुलनगर इलाके में यह घटना हुई। यहां घर के एक कमरे में सुषमा खुसरो का जला हुआशव मिला था। स्थिति को देखते हुए मामला संदिग्ध नजर आया। सिविल लाइन पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ जांच शुरू की। फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ-साथ साइबर टीम जांच में जुटी रही। सिविल लाइन टीआई प्रमोद डनसेना ने बताया कि आरोपी अनिकेष लदेर निवासी छुईयापारा के द्वारा पत्नी सुषमा कीहत्या की बात स्वीकार की गई। बताया गया कि पिक्चर देखने की बात को लेकर विवाद हुआ था जिस पर गुस्से में आकर चुनरी से मुंह बांध दिया और फिर तकिया से मुंह और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। सबूत मिटाने की मंशा से शव को कागज, अखबार और कपड़ा में लपेटने के बाद आग लगा दी ताकियह नजर आए कि मामला खुदकुशी का है। बताया गया कि वह तीन महीने से हत्या की योजना बना रहा था। उसके खिलाफ धारा 103-1 के अंतर्गत हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में सिविल लाइन टीआई के अलावा उप निरीक्षक दुर्गेश, विमलेश, श्याम सिंह व अन्य कर्मियों की भूमिका रही।

# रामबालक दास का आरोप- 2 साल में खास काम नहीं किया सरकार ने

## बढ़ते धर्मांतरण, लव जेहाद और गो तस्करी को रोकने कड़े कानून जरूरी



**कोरबा।** औद्योगिक नगर कोरबा में धर्म सेना नामक संगठन ने हिंदू आक्रोष धरना और रेली के बाद जिला प्रशासन को धर्मांतरण लव जिहाद और गोतसकरी के मामले पर ज्ञापन दिया। संगठन के मंच से सरकार पर निशाना साधा गया कि वह ऐसे मामलों में रोक लगाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पूर्व के नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर धर्म सेना के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों में धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं के साथ-साथ लव जिहाद और गांव तस्करी को लेकर हल्ला बोल आंदोलन किया। इसे आक्रोश रैली का नाम दिया गया। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए। विभिन्न वक्ताओं ने कार्यक्रम में अपनी बात रखी। कौशल्या धाम बालोद के संत रामबालक दास ने सरकार पर आरोप लगाया कि 2 वर्ष में उसने जालंत मुद्दों के लिए ना तो काम किया और नहीं कड़े कानून बनाए इसलिए यह समस्याएं प्रदेश में बढ़ती जा रही है।संगठन के कार्यकर्ता सकेत शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार से कोरबा और आसपास के इलाके में समस्याओं का विस्तार हो रहा है वह हमारे लिए चिंताजनक है । प्रशासन को कार्रवाई के लिए तैयार कैसे किया जाए इसलिए इस रैली की जरूरत पड़ी। नेताजी सुभाष चौराहे से बरसते पानी में संगठन की ओर से रैली निकाली गई। जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर प्रदेश सरकार के नाम का एक ज्ञापन अधिकारी को सोपा गया।

# पोस्ट ऑफिस में मिल रही रेल आरक्षण की सुविधा

**कोरबा ।** यात्रियों की सुविधा और पहुंच को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत यात्रियों को आरक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा रेलवे स्टेशनों के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत मंडल के 8 प्रमुख स्थानों पर नॉन-रेल हेड और डाकघर में रेल आरक्षण सुविधा उपलब्ध है, जिससे यात्री अपने नजदीकी स्थान से ही आरक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। यह सुविधा भारतीय रेल की कम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध है, जिसके तहत यात्री सभी ट्रेनों के लिए आरक्षित टिकट बुक कर सकते हैं।

यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले यात्रियों के लिए लाभकारी है, जो रेलवे स्टेशन से दूर निवास करते हैं या जिनके लिए स्टेशन तक आना संभव नहीं होता। यह सुविधा मंडल के अम्बिकापुर, अमरकंटक, कोरबा और जशपुर के पोस्ट ऑफिस तथा बलौदा (भारतीय स्टेट बैंक के सामने), बैकुंठपुर शहर (पोस्ट ऑफिस के सामने, फव्वारा चौक), मुंगेली (मुंगेली थाने के सामने) और सूरजपुर रोड (पुराने बस स्टैंड के पीछे) में उपलब्ध है 7 वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रयास रेलवे की यात्री सुविधा सर्वोपरि नीति को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। साथ ही यह रेलवे की डिजिटल इंडिया और स्मार्ट रेलवे की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे इस सुलभ, सुविधाजनक और समय बचाने वाली सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा बिना स्टेशन आए अपने रेल टिकट की बुकिंग सुनिश्चित करें।

# एनीकट डूबने से 5 मार्गों पर आवाजाही हुई बंद

**कोरबा।** कोरबा जिले में दूसरे दिन भी झमाझम बारिश होती रही। इसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र के नदी और नाले ऊफान पर हैं। 24 घंटे में 71.5 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई। 48 घंटे में 101 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। सावन के पहले पखवाड़े में यह सबसे अधिक बारिश बतायी जा रही हैं। बरपाली तहसील में 144.5 मिलीमीटर रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के 5 प्रमुख मार्गों पर आवाजाही बंद है। इसके कारण लोग दिन भर परेशान रहे। सोन नदी पर बना एनीकट भी डूब गया है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। इसका करतला, कोरबा और कटघोरा ब्लॉक में बारिश का सबसे अधिक प्रभाव पड़ा है। शहर में बारिश का प्रभाव कम रहा। नोनबिर्रा से रामपुर मार्ग दूसरे दिन भी बंद रहा। लोग जान जोखिम में डालकर पुल के ऊपर से पार करते रहे। छिंदई नाला पुल के ऊपर से पानी बहता रहा। सेंद्रीपाली के पास पुल के ऊपर पानी बहने के कारण आवाजाही बंद रही। सिवनी से सुखरीकला मार्ग पर जमड़ीनाला का पानी भी दूसरे दिन नहीं उतरा। इसकी वजह से लोग परेशान रहे। लीलागर नदी में बना पुल भी डूब गया है। इसकी वजह से 20 से अधिक गांवों का संपर्क टूट गया है। मांड नदी में बाढ़ आने की वजह से कुदमुरा से बरपाली मार्ग पर बना और सड़क भी डूब गई है। चिर्रा से श्यांग मार्ग पर भी पवासी नाला पुल के ऊपर से पानी बहता रहा। पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक में भी झमाझम बारिश हुई है। इसकी वजह से कुछ प्रमुख मार्गों पर आवाजाही बंद हो गयी हैं जिसके अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा से रामपुर के छिंदईनाला व सेद्रीपाली नाला के ऊपर से पानी बह रहा है। 25 से अधिक ग्राम के ग्रामीणों को करतला की ओर से 15 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। कुदमुरा से श्यांग मार्ग पर हुकरा नाला पुल के साथ सड़क भी डूब गई है। यहां के लोगों को बासीन गोल्गा की ओर से 20 किलोमीटर घूमना पड़ रहा है। हरदीबाजार से रेंकी अंतर्गत लीलागर नदी के पल के ऊपर पानी भरने की वजह से मार्ग पर आवाजाही बंद हो गई। लोगों को पानी उतरने का इंतजार करना पड़ा। नेवसे हरदीबाजार मार्ग पर भी पुल के ऊपर से 4 फीट पानी बह रहा है। इससे पाली ब्लॉक मुख्यालय का संपर्क टूट गया है। इस मार्ग से सीपत की ओर भी लोग आवाजाही करते हैं। जिले के अंतिम छोर में बसे सुखरीकला, सुखरीखुर्द और अमलडीहा का संपर्क भी टूट गया है। नाला के ऊपर चार फीट पानी बह रहा है। लोग 5 किलोमीटर घूमकर आवाजाही कर रहे हैं।कोरबा जिले के साथ सिंचित क्षेत्र में भारी बारिश के कारण सिंचाई के लिए पानी की मांग बंद हो गई है। इसकी वजह से दोनों नहरों के गेट बंद कर दिए गए हैं। यह पहली बार हुआ कि बीच में नहर बंद करनी पड़ी। दर्री बराज के दो गेट खुले, 14678 क्यूसेक पानी छोड़ा दर्री बराज का जलस्तर बढ़ गया। इससे गेट नंबर 4 व 7 को खोल नदी में 14678 क्यूसेक पानी छोड़ा। बांगो बांध में भराव 61.30त्न है। जल स्तर 352.50 मीटर दर्ज किया गया। भरने में अभी 7 मीटर बाकी है।

# सड़क का औचक निरीक्षण किया विधायक पटेल ने

**कोरबा।** कुसमुंडा-दीपका मार्ग की बदहाल हालत ने आखिरकार कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल को मौके पर पहुंचने के लिए मजबूर कर दिया। शुक्रवार को उन्होंने अचानक कुचेना क्षेत्र में धंसी सड़क का औचक निरीक्षण किया और एनटीपीसी, रेलवे तथा ठेकेदारों की मनमानी पर जमकर नाराजगी जताई। धंसी सड़क से चार पहिया वाहन बंद, दोपहिया जैसे-तैसेकोरबा-कुसमुंडा से गेवरा-दीपका को जोड़ने वाली यह प्रमुख सड़क कुचेना के पास धंस गई थी।चार पहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई थी।दोपहिया वाहन भी बेहद जोखिम उठाकर चल रहे थे।आम जनता, स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। जैसे ही विधायक प्रेमचंद पटेल को इस स्थिति की जानकारी मिली, उन्होंने मौके पर पहुंचकर आधे घंटे तक पूरी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और सड़क की हालत, अंडरब्रिज निर्माण की समस्या तथा रेल लाइन के कारण हो रही दुर्घटनाओं की जानकारी दी।विधायक ने सभी अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि सड़क की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण हो और समय पर पूरी की जाए, अन्यथा अगली बार लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।विधायक के हस्तक्षेप के बाद अब इस सड़क की मरम्मत का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। लोगों को उम्मीद है कि अब जल्द ही इस मार्ग पर फिर से सुरक्षित आवागमन संभव हो पाएगा।इस मौके पर इमलीछापर नगर निगम के वार्ड 64 की पार्षद आरती सिंह, पार्षद पति व युवा नेता लखन सिंह, कुचेना पार्षद लक्ष्मण सिंह, भाजपा नेता राजेश पटेल, भाजपा युवा नेता रावेंद्र पटेल, राधे गोसाई, सुमित खेमचंद शर्मा, गोल्डी, बी.आर. बंजारे, संतोष बंजारे, धीरेंद्र, पिंटू, रोहित, निक्की, नूर मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का यह औचक निरीक्षण जनता के लिए राहत का संकेत है, साथ ही लापरवाह अधिकारियों के लिए एक कड़ा संदेश भी।

# हरियाली क्वीन चुनीं गईं काजल पहवा, श्रीतमा पाल द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर सुनीता तिवारी चुनी गईं



**कोरबा ।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के आवासीय कॉलोनी स्थित रविंद्र सांस्कृतिक भवन में संकल्प महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की प्रथम महिला श्रीमती प्रभा कटियार रहीं। तीज उत्सव में हरियाली क्वीन काजल पहवा चुनी गईं। जबकि श्रीतमा पाल द्वितीय स्थान व सुनीता तिवारी को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम का सफल आयोजन संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव मार्गदर्शन में महिला मंडल के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।कार्यक्रम में स्वागत भाषण महिला मंडल की सचिव संगीता कोरम ने दिया। सांस्कृतिक सचिव स्वाति जैन एवं दीक्षा गुप्ता की समिति द्वारा''दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे की थीम पर नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की प्रथम महिला श्रीमती प्रभा कटियार ने अपने उद्बोधन में हरियाली तीज उत्सव की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाथों से संकल्प महिला मंडल के नवीन प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन वित्त सचिव हर्षिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकल्प महिला मंडल की उपाध्यक्ष प्रियंका पाटले, अभिलाषा गुप्ता, मिनती स्वेन, मनीषा पांडे, कविता पंड्या और अनुराधा राव, सह-सचिव माधुरी जायसवाल व मंजूषा बरडिया, क्रीड़ा-सचिव दिव्या देवांगन व कविता पटेल का विशेष योगदान रहा।

# मजबूत नागरिक से बनता है मजबूत देश: कलेक्टर अजीत वसंत

**कोरबा ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आज पूर्व सैनिक संघ द्वारा सुभाष चौक निहारिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के लिए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर दीप जलाए गए और कारगिल के विजय यात्रा को देश के लिए गौरवशाली बताया गया।

पूर्व सैनिक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि हमारे सैनिकों ने देश के लिए अनेक युद्ध लड़ा है। कारगिल का युद्ध मुश्किल परिस्थितियों में लड़ा जाने और दुश्मनों से मुकाबला कर विजय हासिल करने वाला युद्ध है। इसे भुलाया नहीं जा सकता। इस युद्ध ने देश के हर नागरिकों को गौरवान्वित किया है। कलेक्टर ने कहा कि अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर भी चलाया गया। हमारे जवानों द्वारा सदैव देश के लिए अपने शौर्य और साहस का परिचय देते हुए पराक्रम को साबित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी शान्ति चाहते हैं। शान्ति के लिए मजबूत होना भी आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी देश वहाँ के मजबूत नागरिकों से मजबूत होता है। हमारा देश किसानों, जवानों से मजबूत है। आने वाली युवा पीढ़ी और सभी नागरिक अपनी एकजुटता और मजबूती बनाएं रखे, क्योंकि मजबूत देश ही अपने देश की सुरक्षा और शांति स्थापित कर सकता है। कलेक्टर ने कारगिल के योद्धाओं को नमन करते हुए कहा कि हम सभी देश के उन शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनकी वजह से हम सभी सुरक्षित है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को भी गौरवान्वित करने वाला बताया। कलेक्टर श्री वसंत ने शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित कर दीप जलाएं। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और गायक संदीप शर्मा सहित अन्य द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारी श्री मुकेश अदवालेखा, दीपक सिंह, एनसीसी के श्री राजेन्द्र सिंह, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

### सब-स्टेशन का ट्रांसफार्मर जलने से कई क्षेत्र में हुआ अंधेरा

**कोरबा ।** कोरबा जिले के बिजली सब-स्टेशन बांकीमोंगरा का पॉवर ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद से बार-बार पॉवर कट की समस्या से कई क्षेत्र अंधेरे में डूबे रहे। इन क्षेत्रों में सब-स्टेशन के एक अन्य ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति देने पर निर्बाध आपूर्ति में बाधा आई। दूसरी ओर मौसम में बदलाव के बाद से कोरबा शहर की भी बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। यहां भी सुबह के बाद रात में भी पावरकट से उपभोक्ता परेशान रहे। सब-स्टेशन बांकीमोंगरा में 4 फीडर से नगर सहित आसपास के ग्रामो को बिजली की आपूर्ति की जाती है। इनमें घुड़देवा, इंदिरा नगर, अरदा व टाउन फीडर आदि शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सब-स्टेशन का एक पॉवर ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया। इसके बाद से सब-स्टेशन में लगे एक पॉवर ट्रांसफॉर्मर से ही क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जाती रही। इस दौरान बिजली की ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान रहे, क्योंकि नियमित बिजली आपूर्ति संभव नहीं हो पा रही थी। इस कारण हर डेढ़ से दो घंटे में पॉवरकट से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जा रही थी। रुक-रुककर बारिश होने पर सुधार कार्य में बाधा आई। नया ट्रांसफॉर्मर सब-स्टेशन को आपूर्ति की गई। इसे क्रेन के सहारे डिस्ट्रीब्यूशन पोस्ट पर लगाने से पहले बारिश के कारण जमीन गीली होने से वाहन कीचड़ में फंस गई। इससे भी ट्रांसफार्मर लगाने के कार्य में बाधा आई। इससे उपभोक्ताओं को रात 8 बजे तक ट्रिपिंग की समस्या से निजात नहीं मिल पाई। बांकीमोंगरा नगर सहित कटाईनार बस्ती, पौंसरा, घुड़देवा, मोंगरा, शुक्लाखार बस्ती, अरदा और आसपास ग्राम में पावरकट से उपभोक्ता परेशान रहे।

# इनर व्हील क्लब ने आदिवासी छात्रावास जावली में सेवा कार्यक्रम किया आयोजित

**कोरबा।** इनर व्हील क्लब कोरबा द्वारा जावली स्थित आदिवासी छात्रावास में सेवा एवं सहयोग का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की 120 छात्राओं को कॉपी, पेंसिल, पेन, कंपास बॉक्स, टिफिन, बोतल, खाद्य सामग्री तथा कुछ जरूरतमंद छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए।कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाली अमावस्या के अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया, जिसमें विद्यालय परिसर को हरित बनाने की पहल की गई। साथ ही, किशोरी बालिकाओं एवं महिला शिक्षिकाओं को सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए जिससे उन्हें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। इस मौके पर बच्चों को उनके भविष्य के करियर के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें स्वच्छता एवं जीवन मूल्यों की महत्ता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इनर व्हील क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उक्त कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा श्रीमती नीतू अरोड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती भारती अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जानेजा, एडिटर श्रीमती सिमरन कौर, आई.टी. एडमिन श्रीमती चरणजीत कौर आदि के साथ महिंदर कौर, मनदीप भाटिया, कुलदीप कौर, अनुपमा शर्मा, वसंत मनोहर, तरनजीत कौर, संगीता गुरु गोस्वामी मधु पांडे आदि सदस्यगण भी उपस्थित रहे ।इनर व्हील क्लब ने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हो सका।

## मजदूरी मांगने पर डंडे से पिटाई करने का लगाया आरोप-पुलिस ने किया मारपीट का केस दर्ज

**कोरबा।** कोरबा-चांपा मार्ग पर बसे उरगा क्षेत्र के ग्राम उमरेली में मजदूरी मांगने पर मजदूर से मारपीट करने का आरोप मजदूर द्वारा लगाया गया हैं। पीड़ित ने थाने में कथित आरोपी राजमिस्त्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ग्राम उमरेली भाठापारा मंदिर चौक के पास रहता है। वह मजदूरी करता है। वह एक राजमिस्त्री के साथ काम करता है। गुरुवार को वह मजदूरी मांगने के लिए गया था। पीड़ित का आरोप है कि राजमिस्त्री ने 50 रुपए दिया ।

# कटाईनार में पुलिया हुई जर्जर, बगल की दीवाल न होने से जोखिम की स्थिति

## पार्षद अश्विनी ने कराया ध्यानाकर्षण

**कोरबा ।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के बांकीमोंगरा, छुराकछार, बलगी क्षेत्र में कई स्थानों पर समस्या बनी हुई है। इसके कारण जोखिम की स्थिति निर्मित हुई। अगर लोग सतर्कता ना बरते तो बड़े हादसे हो सकते हैं।

नगर पालिका परिषद बांकीमोगरा के भाजपा पार्षद अश्विनी मिश्र ने सब एरिया मैनेजर का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराया है। उन्होंने लिखित रूप से पूरे मामले की जानकारी दी है। अश्विनी ने बताया कि कटाइनार क्षेत्र में संजय पान ठेला के नजदीक मुख्य सडक की पुलिया जर्जर है। इस पर बगल दीवाल नहीं होने से हादसे का खतरा बना हुआ है। कुछ स्थानों पर सड़क बदहाल हो चुकी है। इन सब कारण से लोगों को आने-जाने में समस्याओं से 2-4 होना पड़ रहा है। सब एरिया मैनेजर को बताया गया कि यह क्षेत्र आपके इलाके में आता है और यहां से संबंधित समस्याओं को दूर करना भी प्रबंधन की जिम्मेदारी है। आगाह किया गया है कि इस मामले में उपेक्षा दिखाने का मतलब दुर्घटना को आमंत्रण देना है।संबंधित अधिकारियों को भी इस बारे में सूचना दी गई है और कहा गया है कि व्यापक जनहित से जुड़े इस मामले पर गंभीरता दिखाएं और समय पर जरूरी उपायों को करने की मानसिकता भी बनाएं। इससे पहले अश्विनी की ओर से अपने वार्ड के अंतर्गत लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए नगर पालिका अधिकारी के शासन जिला प्रशासन तक पत्राचार किया गया है। याद रहे अश्विनी की पॉजिटिव अप्रोच पर ही नगर पालिका की ओर से जिला प्रशासन को पिछले दिनों एक प्रस्ताव भेजा गया, जिस पर डिस्टिक मिनिरल फाऊंडेशन से 13 लाख रुपए की राशि स्काई लिफ्ट की खरीदी करना स्वीकृत किया गया है।

# रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने आदिवासी दिवस की तैयारी का लिया जायजा

**कोरबा ।** कोरबा जिला अंतर्गत ग्राम करतला के ग्राम पंचायत भवन में रामपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक फूलसिंह राठिया की अध्यक्षता में एक बैठक आहुत की गई। जिसमें मुख्य कार्यक्रम हेतु अतिथि, विशिष्ट अतिथि का आमंत्रण सहित विभिन्न विषयों जैसे रैली, आदिवासी समुदाय की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। प्रसाद व पुरस्कार वितरण और आदिवासी समुदाय के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। आदि पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के मुख्य कार्यक्रम करतला के सद्भावना भवन में आयोजित होगा, जिसमें करतला व कोरबा विकासखण्ड के समस्त आदिवासी समाज सम्मिलित होंगे। बैठक में विधायक फूलसिंह राठिया, घनश्याम राठिया, दुलारसिंह राठिया, (जनपद सदस्य) दीनानाथ राठिया, मुकेश राठिया, देवेन्द्र राठिया (सरपंच) जगलाल राठिया, प्यारी लाल राठिया व विभिन्न आदिवासी समाज के सदस्य सहित राठिया कंवर विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी दुबराज राठिया जिला अध्यक्ष राठिया (कंवर) विकास समिति जिला कोरबा ने दी।

# छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा की गई कार्यवाही

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा की गई कार्यवाही के अंतर्गत, समृद्धि राइस मिल यूनिट-2, ग्राम बारपाली को जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत बिना वैध स्वीकृति के संचालन किए जाने के कारण बंद करने का आदेश जारी किया गया है। मंडल की निरीक्षण टीम द्वारा मिल परिसर में निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि इकाई संचालित हो रही थी जबकि इसके पास जल एवं वायु सम्मति प्राप्त नहीं थीं। इस गंभीर उल्लंघन को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा इकाई को इकाई को बंद करने का आदेश 21 जुलाई को पारित किया गया। इस आदेश के अनुपालन में विद्युत वितरण कंपनी को निर्देशित किया गया, जिसके अनुसार समृद्धि राइस मिल यूनिट-2 की विद्युत आपूर्ति विच्छिन्न करने की कार्यवाही की गयी।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अनुसार, राज्य में संचालित सभी उद्योगों को उनके प्रदूषण की संभावना और क्षमता के आधार पर चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है जिनमे उनको रेड, ऑरेंज, ग्रीन, व्हाइट में बांटा गया हैं इनमें से रेड, ऑरेंज और ग्रीन श्रेणियों में आने वाले सभी उद्योगों को संचालन से पूर्व मंडल से स्थापना की स्वीकृति एवं संचालन प्रारंभ करने से पूर्व संचालन की स्वीकृति लेना अनिवार्य होता है।

व्हाइट श्रेणी के अंतर्गत आने वाले उद्योगों को केवल सूचना की आवश्यकता होती है, परंतु यदि वे किसी जल स्त्रोत या वायुमंडलीय प्रदूषण को प्रभावित करते हैं, तो उन्हें भी अनुमति लेनी होती है। मंडल सभी औद्योगिक इकाइयों से अपील करता है कि वे संचालन प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ प्राप्त करें तथा प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पूर्णतः पालन करें।

# हरेली बर्ड काउंट से छात्रों को मिला पक्षियों के बारे में जानने का सुनहरा अवसर

**कोरबा।** कोरबा अंचल में संचालित कमला नेहरू महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग ने एक अनोखी पहल करते हुए हरेली बर्ड काउंट में छात्रों को शामिल किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने पक्षियों की पहचान करने और उनकी गणना करने में सक्रिय भाग लिया। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर रवि नायडू और डॉ. एच.एन. टंडन ने छात्रों को पक्षियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी। छात्रों ने ड्राइंग और स्केच बनाकर पक्षियों की पहचान करना सीखा। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि इस पहल और हरेली त्यौहार के माध्यम से कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रकृति से जुड़ने का प्रयास किया और सभी को यह संदेश दिया कि प्रकृति और पक्षियों का संरक्षण कितना आवश्यक है। उन्होंने जंतु विज्ञान विभाग के इस प्रयास की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आगामी सप्ताह में मोथ वीक का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भी छात्रों को पक्षियों और प्रकृति के बारे में और अधिक जानने का अवसर मिलेगा। जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक वेद व्रत उपाध्याय, डॉ. सुनीरा वर्मा और निधि सिंह ने छात्रों को इस कार्यक्रम में मार्गदर्शन दिया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया सावन महोत्सव



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा शुक्रवार को सावन महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में लोक संस्कृति और परंपरा के संगम की सुंदर झलक देखने को मिली। भाजपा जिला कार्यालय लोक संस्कृति, गीत और सामूहिक नृत्य से घंटों तक गुंजायमान रहा। सावन की हरियाली और उत्साह के बीच भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शुक्रवार को टीपी नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सावन महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया। इस मौके पर पारंपरिक लोकगीतों और सामूहिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आनंद और उल्लास से भर दिया।

# पार्षद एवं भाजयूमो जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन करेंगे कांवड़ यात्रा का शुभारंभ

**कोरबा ।** श्रावण मास की पावन बेला में भगवान भोलेनाथ की अराधना हेतु कोरबा में एक भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 28 जुलाई सोमवार को प्रातः 7 बजे शुरू होगी, जिसका नेतृत्व नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद एवं भाजयुमो जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन करेंगे। इस पुण्य यात्रा की शुरुआत माँ सर्वमंगला मंदिर की पावन धरा से होगी, जहाँ श्रद्धालुजन पहले हसदेव नदी में पवित्र स्नान कर जल भरेंगे।

# 2 दिन में स्थिति नहीं सुधरी तो करेंगे धरना-प्रदर्शन

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी, एनटीपीसी, भारत अल्युमिनियम कंपनी और दूसरे प्लांट को मिलाकर 7000 मेगावाट बिजली का उत्पादन कोरबा जिले से हो रहा है। इतना सब कुछ होने पर भी नजदीकी क्षेत्र में दिया तले अंधेरा वाली स्थिति बनी हुई है। कटघोरा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर लोगों ने सीएसईबी को चेतावनी दी हैं। 2 दिन में हालात ठीक नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की घोषणा करी हैं।स्थानीय नागरिकों ने बताया कि निरंतर बिजली कटौती से वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाले जहरीले जीव-जंतु रात के समय दिखाई नहीं देते, जिससे जनहानि की संभावना बढ़ गई है। इसके अलावा नगर के अधिकांश वार्डों को अब ग्रामीण फीडर से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें नियमित शहरी फीडर से बिजली नहीं मिल पा रही है। परिणामस्वरूप कई इलाकों में घंटों तक अंधेरा छाया रहता है और नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दो माह पूर्व नगर में आयोजित एक बैठक में कार्यपालन अभियंता द्वारा लचर विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया था।

# नवाचार के काम को देखने किसान स्कूल पहुंचे एसपी

**जांजगीर चांपा।** देश का पहला किसान स्कूल जहां किसानों को कृषि क्षेत्र में दी जाती है 18 प्रकार के नि:शुल्क प्रशिक्षण और खेती किसानी के काम में हो रहे नवाचार को देखने एसपी विजय पाण्डेय पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह। यहां पर उन्होंने किसानों से मुलाक़ात की।

इस मौके पर एसपी विजय पांडेय के हाथों महिलाओं को भोजली के लिए गेहूं बीज का वितरण किया गया। यहां एसपी विजय पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने पहली बार किसान स्कूल का नाम सुना, जहां पर छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियों के अलावा मधुमक्खी पालन, डेयरी, जैविक खाद तैयार करने की इकाई देखा। उन्होंने इस समय वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में बन रही साग भाजी व फल-फूल रेशे से रंग बिरंगी राखिया, कपड़ा, के बैग तथा विलुप्त चीजों को बड़े पैमाने पर संरक्षण देख खूब प्रभावित हुए। वहीं करीब 6 फीट ऊचाई की भोजली के लिये

धनिया पहली बार देखा। किसान स्कूल की छत पर विकसित बागवानी, 9 प्रकार की मिर्च की खेती देखकर किसान स्कूल टीम के नवाचार की सराहना करते हुए बहुत खुशी जताई।

किसानों के आग्रह पर उन्होंने मिर्ची चटनी के साथ न सिर्फ अंगाकर रोटी का स्वाद लिया, बल्कि खुमरी पहनकर फोटो भी खिंचवाया। किसान स्कूल पहुंचते की महिलाओं ने उनका स्वागत तिलक लगाकर और गुलदस्ता भेंट कर किया गया। इस बीच उन्होंने स्व. कुंजबिहारी साहू के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किय। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. सुरेश कुमार देवांगन, प्रगतिशील किसान चुड़ामणि राठौर, जिला उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष शुक्ला, सक्रिय महिला ललिता यादव, आरबीके साधना यादव, बैंक मित्र सुमित्रा यादव, बैंक सखी दीप्ती झरना कश्यप, पशु सखी पुष्पा यादव, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव और उनकी टीम ने एसपी विजय पाण्डेय को अंज्वॉइन का पौधा भेंट किया।

# गलत इंजेक्शन लगाने से गर्भवती महिला की मौत, डॉक्टर को 7 साल की मिली सजा



**जांजगीर चांपा।** जिले सहित नगर में झोला छाप डाक्टरों का फैलता जाल और उनका अवैध रूप से क्लीनिक चलाने का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसी तरह के एक मामले में जिले के चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय ने एक गंभीर लापरवाही के मामले में आरोपी बंगाली डॉक्टर को 7 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी डॉक्टर धुवांतो सिकदार को यह सजा गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत के मामले में सुनाई गई है।

घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के हीरागढ़ गांव की है, जहां 1 सितंबर 2024 को रुखमणी कश्यप नामक महिला, जो चार माह की गर्भवती थी, की तबीयत बिगड़ने पर घर पर बंगाली डॉक्टर को बुलाया गया था। इलाज के नाम पर आरोपी ने खुद से दवाइयां दीं और एक गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिसके बाद महिला की स्थिति बिगड़ती चली गई और उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों की शिकायत पर नवागढ़ पुलिस ने तत्काल स्नडुक्र दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामला न्यायिक प्रक्रिया में था, जिसकी सुनवाई अब पूरी हो चुकी है। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश विजय अग्रवाल ने मामले में दोषी करार देते हुए धुवांतो सिकदार को 7 साल के

कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ एक कड़ा संदेश माना जा रहा है।

# अमोरा के किसानों को जिपं सभापति ने किया स्पेयर पंप का वितरण

**जांजगीर।** जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू ने 15 वें वित्त के तहत नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अमोरा में किसानों को स्पेयर पम्प का वितरण किया गया। सभापति साहू के द्वारा किसान रविशंकर साहू, बिहारी तिवारी, मनोज साहू, संतोष कुमार पटेल, लक्ष्मण प्रसाद कश्यप, हरीश कुमार कश्यप, रविन्द्र कश्यप, भरत कश्यप, अंतराम कर्ष, राजकुमार कश्यप, हेमंत कुमार यादव, अरुण तिवारी, तिहारु केंवट, कार्तिक कश्यप, नारायण पटेल, शिव कश्यप, दिनेश साहू, खम्हन पटेल, इंद्रकुमार पटेल, प्रहलाद चौहान को नि:शुल्क स्पेयर पम्प का वितरण किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए सभापति साहू ने कहा कि जब से प्रदेश व देश में भाजपा की सरकार बनी है तब से किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसान मजबूत होंगे तब गांव जिला व प्रदेश मजबूत होगा और जब प्रदेश मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। इस दौरान अमोरा सरपंच राकेश कश्यप, खम्हन तिवारी सहित किसान मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया सावन उत्सव: सावन सुंदरी का ताज पूनम को

**जांजगीर।** वीआईपी सिटी कॉलोनी जांजगीर की महिलाओं के द्वारा सावन उत्सव का आयोजन होटल ड्रीम प्वाइंट में किया गया। महिलाओं ने सावन में लजीज पकवान के साथ झूले का भी आनंद लिया। हरे रंग की पोशाक में महिलाओं की उपस्थिति ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुति के साथ समा बांध दिया। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए सावन सुंदरी व एंटरप्रेन्योर जो महिलाएं घर सम्हालने के साथ-साथ अपना छोटा मोटा बिजनेस करती हैं उनको एक नई पहचान देने जैसी प्रतियोगिता भी रखी गई। साथ ही कई प्रतियोगिताएं भी कराई गई जिसमें विजेता महिलाओं को पुरस्कृत भी किया गया। पूर्व सावन सुंदरी ममता गुप्ता के द्वारा 2025 सावन सुंदरी का ताज पूनम, अग्रवाल को पहनाया गया। वही एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर का अवार्ड भी पूनम अग्रवाल के नाम रहा। दिस एंड दैट गेम में पहले स्थान पर मुनिशा गुप्ता, दूसरा सूची सोनी व तीसरे स्थान पर अनीता अग्रवाल रही। नो योर कॉलोनी मेंबर्स गेम में अपर्णा अग्रवाल, मुनिशा गुप्ता व नीतू चक्रवर्ती क्रमश: पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन काजल अग्रवाल व खुशबू अंग्रवाल द्वारा किया गया। आयोजन को शानदार बनाने के लिए सावन सुंदरी पूनम अग्रवाल ने सभी महिलाओं के साथ मुख्य आयोजक नेहा तिवारी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हसदेव पब्लिक स्कूल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**चांपा।** चंद्रावली देवी झाझड़िया मेमोरियल द्वारा संचालित हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चांपा में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा के निर्देशन पर सीसीए के अंतर्गत 1999 में कारगिल युद्ध में शहीद हुए, अमर देश भक्तों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए, उनकी याद में स्कूल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा जी.2 तक ड्राइंग एवं कलरिंग प्रतियोगिता, कक्षा पहली से कक्षा दूसरी तक कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्कूल के विवेकानंद सभागृह में कक्षा तीसरी से कक्षा - दसवीं तक इन्टर हाउस एकल देश भक्ति गीत गायन प्रतियोगिता तथा स्कूल के इनडोर बैडमिंटन हाल में

कक्षा ग्यारहवीं से कक्षा बारहवीं तक सैनिकों का बलिदान थीम पर तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के सभी बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल की उप प्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी, मैनेजर जवाहर लाल यादव, शिक्षक शिक्षिकाएं, कार्यालयीन कर्मचारीगण एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा, केन्द्र में अभ्यर्थियों के हितों की अनदेखी



**जांजगीर।** जांजगीर-चांपा जिले में व्यापमं की परीक्षाओं के लिए केंद्र निर्धारण को लेकर गहरी असंतोष की स्थिति सामने आई है। रविवार को व्यापमं आबकारी विभाग की भर्ती परीक्षा कराएगी। इसके लिए जो परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए है। उनमें छात्र हित की अनदेखी स्पष्ट नजर आ रही है। रविवार को बाहर से परीक्षा दिलाने आए अभ्यर्थियों को इससे परेशानी हो सकती है। जिले के प्रमुख शहरी विद्यालयों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है, जबकि तिलई, सुकली, भडेसर, धुरकोट, खोखरा, कुटरा, महंत, घुठिया, बनारी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया है। इस निर्णय को लेकर परीक्षा प्रबंधकों और जिला मुख्यालय स्थित स्कूलों में भारी नाराजगी है।

उनके अनुसार, व्यापमं और कलेक्टर कार्यालय ने पहले ही सभी स्कूलों से परीक्षा केंद्र बनाने के संबंध में सहमति प्राप्त कर ली थी। बावजूद इसके, प्रमुख शहरी स्कूलों को दरकिनार कर दिया गया। सबसे बड़ी चिंता बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को लेकर है, जिन्हें अब दूरदराज के गांवों में परीक्षा देने जाना पड़ेगा।

इससे न केवल समय और धन का अपव्यय होगा, बल्कि छात्र-छात्राओं को परिवहन और अन्य सुविधाओं में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। प्रबंधकों का कहना है कि शहरी स्कूलों में समुचित आधारभूत संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी की सुविधा और पर्याप्त कक्ष उपलब्ध हैं, फिर भी उन्हें परीक्षा केंद्र न बनाना असंगत निर्णय प्रतीत होता है। प्रशासन को जब इसकी जानकारी दी गई तो उनका कहना था कि अगली बार लिस्ट की समीक्षा कर शहर के स्कूलों के नाम जोड़े जाएंगे।

# पुटपुरा में चोर बेखौफ, स्ट्रीट लाइट, मंच का गेट किया पार

**जांजगीर-चांपा।** बारिश में अंधेरा, चौक पर सन्नाटा और पुटपुरा में चोरों का गांव में आतंक, जनप्रतिनिधियों के घरों के सामने से स्ट्रीट लाइट गायब, सार्वजनिक मंच से गेट तक चोर उखाड़ ले गए। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का पुटपुरा गांव इन दिनों दहशत और अव्यवस्था की गिरफ्त में है। चोरों के बेखौफवार ने न सिर्फग्रामीणों को चौंकाया है, बल्कि पुलिस की लापरवाही भी उजागर कर दी है। अब गांव वाले सवाल कर रहे हैं कि जब पंच-सरपंच सुरक्षित नहीं हैं तो आम आदमी की कौन सुनेगा। ग्राम पंचायत पुटपुरा में इन दिनों चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि अब वे सार्वजनिक संपत्तियों को भी निशाना बनाने लगे हैं। ताजा मामला वार्ड क्रमांक 5 का है। जहां पंच राधेश्याम तिवारी के घर के सामने खंभे पर लगी स्ट्रीट लाइट को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। यही नहीं, सरपंच सुचिता राठौर के निवास के पास स्थित बाजार चौक में मंच पर लगे लोहे के गेट को भी चोर लेकर फरार हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से गांव में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अब हालात यह हो गए हैं कि चोर सरकारी और सार्वजनिक चीजों पर भी हाथ साफ कर रहे हैं। लगातार हो रही इन वारदातों ने ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना दिया है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि पुलिस की गश्त बेहद नाकाफी है। अंधेरे और बारिश के इस मौसम में चोरों को पकड़ पाना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षात्मक कदम नहीं उठाए गए तो हालात और बिगड़ सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में रात के समय नियमित पुलिस गश्त हो और प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाई जा सके।

# पूर्व सरपंच के पुत्र की हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पूर्व सरपंच के बेटे की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शराब पीने के बाद हुए विवाद पर टांगी से वारकर युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना के चंद घंटों के भीतर ही आरोपियों को पकड़ लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नैला चौकी अंतर्गत ग्राम बोड़सरा में पानी से भरे गडढे में 25 जुलाई को सिवनी के पूर्व सरपंच के बेटे अर्जुन चौहान की लाश मिली थी। सिर पर चोट के गंभीर निशान थे। जिससे पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को आरोपियों का सुराग मिला। इस आधार पर पुलिस ने ग्राम सिवनी निवासी 21 वर्षीय सागर सूर्यवंशी और 24 वर्षीय हर्ष सूर्यवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे अर्जुन चौहान के साथ शराब पीने गए थे। शराब पीने के बाद अर्जुन के साथ उनका विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर तैश में आकर अपने पास रखी टांगी से उसके सिर पर वार कर दिया। टांगी के वार से अर्जुन की मौत हो गई। शव को ग्राम सिवनीबोड़सरा के बीच इंदिरा आवास मोहल्ला खेत तरफ फेक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को धारा 103 (1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर शनिवार 26 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

# जल स्तर बढ़ने से तटीय इलाकों में घुसा पानी, बारिश थमने से टला बाढ़ का खतरा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शनिवार को बारिश थमने से बाढ़ का खतरा टल गया। हालांकि दो दिनों की बारिश से नदी-नालों के उफान पर आने के कारण पानी तटीय इलाकों में घुस गया। नालों के पानी ने आसपास की खेतों को जलमग्न कर दिया। बाढ़ का खतरा - टलने से तटीय इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है।

पिछले दो दिनों से जिले समेत ऊपरी क्षेत्रो में हो रही बारिश ने लोगों की चिंता बढ़ा दी थी। नदी और नालो का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा था। शुक्रवार की शाम तक नालों के उफान पर आने के कारण पानी तटीय इलाकों में घुस गया। नालों के पानी ने आसपास की खेतों को जलमग्न कर दिया। नालों के आसपास बने घरों तक पानी पहुंच गया था। शिवरीनारायण क्षेत्र में कंजी नाला उफान पर आने से कई गांव में बाढ़ की स्थिति चन गई। कलेक्टर ने बाढ़ राहत दल को एलर्ट कर दिया था। शुक्रवार की रात कामता में केजी नाला का पानी तटीय बस्ती में घुस गया। गांव के करीब 20 घर में पानी घुस गया। प्रशासन का राहत बचाव दल भी गांव में पहुंच गया था। प्रभावित लोग रात में अपने पहचान के अन्य लोगों के घर चले गए थे। हालांकि शनिवार को बारिश थम गई, जिसके कारण खतरा टल गया। इसके बाद शाम तक सब अपने घर लौट गए। इधर तुस्मा के पास रिंगनी-कुकदा मार्ग पर कंजी नाला के पुल के ऊपर शाम तक 2 फीट पानी चल रहा था। क्षेत्र के नालों के पुल पर पानी चलने

से शनिवार को भी आवागमन बाधित रहा। इधर बिलासपुर पामगढ़ मार्ग में कुटीघाट के लीलागर नदी पुल का पानी भी शनिवार को उतर गया और दोपहर बाद आवागमन बहाल हो गया।

# कोर्ट के निर्देशों का पालन करने नगरीय निकाय उठाएंगे कदम

**जांजगीर।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित और उपयुक्त फुटपाथ सुनिश्चित करें। कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ पर चलना पैदल यात्रियों का संवैधानिक अधिकार है। फुटपाथ नहीं होने से लोग सड़कों पर चलने को मजबूर होते हैं, जिससे हादसों और जान का खतरा बढ़ता है।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 25 मई को सभी नगरीय निकायों को पत्र जारी किया है। इसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा 14 मई 2025 को पारित आदेश की प्रति संलग्न है। आदेश में कहा गया है कि सभी राज्य सरकारें अपने-अपने शहरों में फुटपाथ बनवाएं। इन फुटपाथों पर दिव्यांगजन भी आसानी से चल सकें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

यह कार्य नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से किया जाए। नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में गिनती के कुछ ही स्थानों पर फुटपाथ बने हैं। जहां फुटपाथ बने हैं, वहां लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिससे आम लोगों को चलने में परेशानी होती है। मुख्य सड़कों और बाजारों में फुटपाथ नहीं होने से लोग सड़क पर पैदल चलते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है और ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ जाती है।दो महीने के भीतर गाइडलाइंस बने कोर्ट ने केंद्र सरकार को दो महीने के भीतर पैदल यात्रियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी गाइडलाइंस रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया है। कहा गया है कि पैदल यात्रियों की सुरक्षा बेहद अहम है और फुटपाथों का निर्माण एवं रखरखाव इस प्रकार किया जाना चाहिए कि वे दिव्यांग व्यक्तियों के लिए भी सुलभ हों। कोर्ट ने सरकार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन के संबंध में छह महीने का समय दिया है और स्पष्ट किया है कि और समय नहीं दिया जाएगा।

# 32 लीटर महुआ की शराब व लहान जब्त

**मालखरौदा।** अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई कर 26 जुलाई को ग्राम जमगहन में शुकबाई खूंटे के घर से 15 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब, 960 किलो महुआ लाहन और 17 पैकेट यीस्ट जब्त किए। ग्राम चरौदी में घसियाराम भारद्वाज के घर से 10 लीटर महुआ शराब और 400 किलो लाहन मिला। करीगांव में माहेश्वरी लहरे के घर से 7 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। तीनों मामलों में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। न्यायिक रिमांड पर आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि क्षेत्र में महुआ शराब बनाने और बेचने वालों की संख्या काफी अधिक है।

# शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय

**राहौद।** नगर के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा पश्चात सेवानिवृत्त व्याख्याता परम सी देवांगन ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के संबंध में जानकारी देते हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया। संस्था प्राचार्य पीएल कौशिक ने भारत विभाजन एवं स्वतंत्रता पश्चात देश के एकीकरण के संबंध में प्रकाश डालते हुए भारत पाकिस्तान के बीच कारगिल सहित चार युद्धो की जानकारी दी एवं बताया कि कैसे कठिन परिस्थितियों में हमारे देश के वीर सपूतों ने आज के दिन ही ये दिल मांगे मोर का नारा देने वाले परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा के नेतृत्व में 60 दिनो बाद विजय श्री प्राप्त किया। कार्यक्रम में आर के साहू, सी पी साहू व्याख्याता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्थित किया गया।

# खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए: राणा

**अकलतरा।** जिला स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नगर के - पंडित दीनदयाल स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने फुटबॉल फेंसिंग एवं तैराकी में अपने पंडित दीनदयाल स्टेडियम में जिला स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर - पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, वार्ड नंबर 6 के पार्षद मुरलीधर मिश्रा, वार्ड नंबर 20 के पार्षद राज . सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिवाकर राणा ने कहा कि खेल में एक टीम को विजय और दूसरी टीम को पर पराजय का सामना करना - पड़ता है। हार से निराशं नहीं होकर खिलाड़ियों को कठिन परिश्रम कर अगले वर्ष प्रतियोगिता में प्रथम आने का प्रयास करना चाहिए। मुरलीधर मिश्रा ने कहा कि शरीर को तंदरुस्त रखने हमें खेल को अपने जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। खेल में अनुशासन और टीम भावना का विशेष महत्व होता है। अनुशासन में रहकर हम अपनी टीम को विजय दिला सकते हैं। कार्यक्रम को राज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आर केपी तिवारी ने किया। आभार प्रदर्शन ब्लॉक कीड़ा प्रभारी संजय कुमार यादव ने किया। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक 19 वर्ष में पामगढ़ में प्रथम स्थान और अकलतरा ने द्वितीय स्थान, बालिका वर्ग में अकलतरा ने प्रथम व पामगढ़ ह ने ने द्वितीय,, तैराकी तैराकी प्रतियोगिता प्रतियोगिता में बालक-बालिका वर्ग में अकलतरा ने प्रथम पामगढ़ ने द्वितीय, वाटर पोलो में पामगढ़ प्रथम अकलतरा द्वितीय व फेंसिंग प्रतियोगिता में अकलतरा ब्लॉक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संदीप सिंह अखिलेश कौशिक, प्रीति भारद्वाज, यूसुफ खान व खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम कुकरीचोली प.ह.नं.-2
तहसील भैसमा जिला कोरबा छ.ग.

**// ईश्तहार//**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिंघानिया एनर्जी एवं पावर प्राइभेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर अभय सिंघानिया पिता अरुण कुमार सिंघानिया जाति अग्रवाल (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम दर्री रोड कोरबा तह व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कुकरीचोली प.ह.नं. 2 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं.161 शामिल 179/3.ख.नं. 162 रकबा 0.384 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 11/08/ 2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनाक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) **सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

# मंत्री से विधायक ने रेल सुविधाएं मांगी

**जांजगीर।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन से जुड़ी समस्याओं और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई। उन्होंने स्टेशन के पश्चिम केबिन समपार में रेल ओवरब्रिज निर्माण की मांग को प्रमुखता से रखा। बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने इस ओवरब्रिज को बजट में मंजूरी दी है। रेलवे प्रशासन की ओर से भी कुछ अड़चनें हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है। विधायक ने श्री नहरिया बाबा हनुमान मंदिर के पास किलोमीटर 675/17-19 पर 3 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज के निर्माण की मंजूरी जल्द देने की मांग की।

# लीलागर नदी उफान पर, कोटमीसोनार-जयरामनगर सड़क बंद



**अकलतरा।** लीलगर नदी में बाढ़ आने से कोटमीसोनार से जयरामनगर पहुंच मार्ग बंद हो गया है। गांव के लोग 10 किलोमीटर अधिक दूरी तय करके रसेड़ा फोरलेन सड़क से जयरामनगर और बिलासपुर जाने मजबूर हैं। हालांकि मौके पर गांव के युवकों द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से निशुल्क सेवाएं दी जा रही हैं। क्षेत्र में दो दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। इसके चलते ग्राम कोटमीसोनार में लीलगर नदी में बाढ़ आने के साथ पानी का बहाव तेज हो गया है। इससे कोटमीसोनार-जयरामनगर मार्ग जलमग्न हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया है। गांव के लोग दर्रीटांड़, रसेड़ा होकर 10 किलोमीटर अधिक दूरी तय करके फोरलेन सड़क से जयरामनगर और बिलासपुर जा रहे हैं। नदी के पास स्थित खेतों में पानी भरने और तेज बहाव से मिट्टी का कटाव हो रहा है, जिससे धान की फसल नष्ट हो रही है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को जीवनयापन में परेशानी हो रही है।

कोटमीसोनार जांजगीर-चांपा जिले का अंतिम गांव है और जिले का संपर्क बिलासपुर जिले से पूरी तरह टूट गया है। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी परेशानी हो रही है। जल स्तर लगातार बढ़ने से गांव के कई मकानों में पानी घुसने का खतरा है। सरपंच रेखा सोनी ने सड़क पर आवाजाही बंद करने के लिए बैरिकेड्स लगाए हैं और अन्य सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। लीलगर नदी में बाढ़ और सड़क पर पानी बहने के कारण ग्राम पंचायत ने सड़क के दोनों ओर बैरिकेड्स लगाए हैं। गांव के युवक राजकुमार मल्होत्रा, प्रेमचंद कुर्रे, पुरुषोत्तम माथुर, चंदन सिंह और प्रदीप रात्रे बैरिकेड्स के पास खड़े होकर लोगों से सड़क पार न करने की अपील कर रहे हैं। वे सुबह से रात तक निशुल्क सेवाएं दे रहे हैं। राहगीरों को पानी और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवा रहे हैं।

# स्वामी करपात्री के प्राकट्य दिवस पर मंदिर की सफाई

**चांपा।** धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के 118वें प्राकट्य दिवस पर धार्मिक और स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजनं कया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे पाठक घाट की सफाई से हुई। घाट के आसपास का क्षेत्र, मंदिर परिसर और मंदिर के भीतर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम का दूसरा चरण शाम 6 बजे शुरू हुआ।

## अनमोल वचन......

इस जगत मेंकुछ टूटे या ना टूटे लेकिन सबका घमंड एक दिनजरूर टूटता है यही मनुष्य जीवन का सत्य है..!!

## आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद, अलगाववाद व उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के उद्देश्यों पर अडिग रहने का आह्वान करते हुए कहा, भारत आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। वह बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने इन तीनों चुनौतियों के अक्सर साथ आने की बात भी की। आतंकियों, प्रायोजकों, आयोजकों व वित्त पोषकों को जवाबदेह बनाने तथा न्याय के कठघरे में लाने की जरूरत पर भी बल दिया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बल दिया कि अशांत और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर संगठन को कुशलतापूर्वक कार्य करना होगा।*

*शी ने क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता की रक्षा व सदस्य देशों के विकास की बात भी की। इस सम्मेलन में दस अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के अतिरिक्त बीस से ज्यादा देशों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के भाग लेने की भी चर्चा थी। मोदी इसमें शामिल होते हैं तो इसे गलवान गतिरोध के बाद भारत-चीन संबंधों में संभावित परस्परता, संबंधों में सुधार व कूटनीतिक नरमी के संकेत के रूप में लिया जा सकता है।*

*2023 में मोदी ने इस सम्मेलन में वचरुली शिरकत की थी जबकि बीते वर्ष उनकी अनुपस्थिति को घटते सामरिक महत्व से जोड़ कर देखा गया। हालांकि रूस कभी नहीं चाहता कि ऐसा कोई भी संगठन चीन के प्रभुत्व वाला मंच बन जाए। इसमें पाकिस्तानी, रूसी व ईरानी विदेश मंत्री के भी शामिल होने की संभावनाएं हैं। यह भारत, चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान व बेलारूस का प्रभावशाली आर्थिक व सुरक्षा समूह है। अमेरिका से सीधा दो-दो हाथ करने वाले शी ने परोक्ष रूप से उस पर कटाक्ष करते हुए बहुध्रुवीय वि को बढ़ावा देने व उसकी धौंस का विरोध करने के लिए संयुक्त प्रयासों का भी आह्वान किया। बेशक, भू-राजनीतिक परिदृश्य में आ रहे बदलावों को देखते हुए रूस व चीन दुनिया के समक्ष अपनी ताकत का मुजाहिरा करने को बेताब हैं। एशिया के सभी प्रमुख देशों को अपनी प्राथमिकताओं का ख्याल रखते हुए आतंकवाद से जूझना है। अमेरिका विरोधी रुखखासकर पश्चिमी देशों को सीधा टक्कर देने वाला रुख भारत का कभी नहीं रहा है। भारत आतंकवाद से निपटने को चुनौती के तौर पर देख रहा है, मगर वह अपनी वैंकि छवि व कूटनीतिक चुनौतियों पर आंच नहीं आने देना चाहेगा।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आपको बिजनेस में बड़ा लाभ होगा, भौतिक सुख में बढ़ोतरी होगी। इस राशि की जो महिलायें वर्क फ्रॉम होम करती हैं, उनके लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। छात्र आज अपने इंटरेस्ट के हिसाब से किसी कोर्स को चूज करेंगे, जिसमें उनको बढ़िया सफलता मिलेगी। आज आप किसी विषय पर जरूरी बात अपने दोस्त से कर सकते है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको करियर में कुछ नया करने का मौका मिलेगा, जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा। आज आप काम को लेकर काफी एक्साइटेड रहेंगे, जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा होगा। सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्तियों को आज वरिष्ठ सदस्यों से सम्मान प्राप्त होगा, जिससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आज काफी दिनों से रुका हुआ महत्वपूर्ण काम पूरा हो जायेगा। आज आपके अंदर उत्साह बना रहेगा और आप काम करने का नया टारगेट भी बनायेंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। इलेक्ट्रोनिक के बिजनेस में आज आपको बड़ा आर्डर मिलने की संभावना बन रही है। आज किसी मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है, आप साथ बैठकर अच्छे से इंजॉय करेंगे। आज आपका काम समय से पूरा हो जायेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज जीवनसाथी के साथ किसी बात पर विशेष चर्चा होगी, ये आपके बच्चों से रिलेटेड भी हो सकती है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। हार्डवेयर के बिजनेस में आज आपको कम मेहनत में ज्यादा धनलाभ होगा। आज किसी अनजान व्यक्ति से आप जीवन की कुछ महत्वपूर्ण बातें सीखेंगे, जिसका आपके जीवन पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। आज जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी और आप घर के कार्यों में हाथ बंटा सकते हैं। आज आपका अधूरा काम आपके सहयोगी की मदद से पूरा हो जाएगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपनी आदतों में कुछ बदलाव कर सकते है, यह बदलाव आपके काम को लेकर या करियर को लेकर हो सकता है। छात्र आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे और नया कोर्स करने का मन बनायेंगे। आज आप काम के प्रेशर को कम करने के लिए अपने सहयोगियों से सलाह मशवरा ले सकते हैं।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। ऑटोमोबाइल के बिजनेस में आज आपको बढ़िया धनलाभ होगा, आप अपने व्यापार को बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे। आज आपका रुझान साहित्य के क्षेत्र में होने से आप बुक पढ़ने का मन बनायेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कॉम्पटीटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिल सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल है। आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता मिलेगी और कुछ खास लोग मददगार भी साबित होंगे। यदि आज आप मार्केट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें, इससे आपको फायदा मिलेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। जिन व्यक्तियों को लंबे समय से नौकरी का इंतजार है, आज वो ख़त्म हो सकता है। आज किसी एंट्रेस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करने की जरुरत है। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें, आपके लिये अच्छा रहेगा।

**मकर राशिः** आज आप का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप किसी जरूरी काम को करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। माता-पिता के आशीर्वाद से आज सभी बाधाओं को दूर करने में आप सक्षम रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में सुधार होगा और आपके रिश्ते में नयापन आएगा। आज आप कुछ समय दोस्तों के साथ भी गुजारेंगे, जिससे आपका मूड फ्रेश होगा।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपकी मुलाकात किसी बड़े व्यक्ति से हो सकती है, जो आने वाले समय में आपके लिये बहुत ही उपयोगी साबित होगी। आज आपको टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहेगा। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। आज राजनितिक क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज रोजगार में नए मार्ग प्रशस्त होंगे, जो आपके करियर में उन्नति को बढ़ाएंगे।

# आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस किस-किस की पैरवी करेगी

//योगेंद्र योगी//

**अपने जीजाजी की पैरवी करने से पहले राहुल गांधी शायद यह भूल गए कि सोनिया गांधी और खुद उन पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर मामले चल रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुरुआती चार्जशीट दायर करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर वाड्रा को जानबूझ कर परेशान करने का आरोप लगाया। भ्रष्टाचार के मामलों में कांग्रेस की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि राहुल के इस आरोप के चंद दिनों बाद ही ईडी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया।**

ईडी ने भूपेश बघेल के आवास सहित कई स्थानों पर छापेमारी की और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। यह घोटाला 2019-2022 के दौरान लगभग 2161 करोड़ रुपए की अवैध वसूली से जुड़ा है। सवाल यह है कि राहुल, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े आखिरकार किस-किस कांग्रेस के नेता के भ्रष्टाचार के लिए केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों को दुर्भावना की कार्रवाई के लिए जिम्मेदार ठहराएंगे।

ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुरुआती चार्जशीट दायर की। इस मामले में ईडी की तरफ से 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले पर लोकसभा नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मेरे जीजाजी को पिछले 10 सालों से इस सरकार की तरफ से परेशान किया जा रहा है। यह आरोपपत्र है, उसी षडयंत्र का ही एक और हिस्सा हैं। रॉबर्ड वाड्रा के खिलाफ ये चार्जशीट शिखोपुर लैंड डील मामले में पेश की गई है। ईडी के मुताबिक वाड्रा ने यहां 3.53 एकड़ महज 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी, जिसे कुछ ही समय बाद वाड्रा ने 58 करोड़ रुपये में बेच दिया था।

अपने जीजाजी की पैरवी करने से पहले राहुल गांधी शायद यह भूल गए कि सोनिया गांधी और खुद उन पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर मामले चल रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है। नेशनल हेराल्ड मामला कांग्रेस के शासनकाल में शुरू हुआ था। ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी आरोपी नंबर 1 और राहुल गांधी आरोपी नंबर 2 हैं। आरोप पत्र में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। राहुल गांधी को वाड्रा के मामले में साजिश नजर आती है। लेकिन दूसरे घोटालों के मामलों में कांग्रेस भ्रष्टाचार के मामलों में की चुप्पी साबित करती है कि कांग्रेस अपने अतीत को दोहरा रही है।

केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं हैं, लेकिन जिन गिने-चुने राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां से भ्रष्टाचार की सूचनाएं आती रहती हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने कोलार-चिक्काबल्लापुर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड (कोमूल) की 2023 भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में कर्नाटक कांग्रेस विधायक केवाई नानजेगौड़ा की 1.32 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। कोलार जिले के मालूर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले नानजेगौड़ा, कोमुल के अध्यक्ष भी हैं। ईडी के अनुसार कोमुल द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया में एक लिखित परीक्षा और एक साक्षात्कार शामिल था, लेकिन पैसे और राजनीतिक सिफारिशों के बदले में इसमें हेरफेर किया गया था। संघीय एजेंसी ने आरोप लगाया कि नांजेगौड़ा की अध्यक्षता वाली भर्ती समिति ने कोमूल के प्रबंध निदेशक के.एन. गोपाल मूर्ति के साथ मिलकर अन्य निदेशकों के साथ मिलकर कुछ कम योग्य उम्मीदवारों को लाभ पहुंचाया, जबकि योग्य उम्मीदवारों को वंचित रखा। कांग्रेस की हालत यह हो गई कि वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और पूर्व अध्यक्ष तक भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में रहे हैं। कर्नाटक में खडग़े के बेटे राहुल खडग़े के नेतृत्व वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को आवंटिक एक जमीन में हेरफेर का आरोप लगाया गया था। कर्नाटक में यदि भाजपा की सरकार होती तो खडग़े के खिलाफ भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज हो जाता। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने संदिग्ध परिस्थितियों में खडग़े के परिवार द्वारा संचालित सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को 5 एकड़ जमीन आवंटित थी। दिलचस्प बात यह है कि 5 एकड़ जमीन (खडग़े परिवार द्वारा चलाए जा रहे ट्रस्ट को) इलाके में अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं के लिए नियम तैयार करने के कुछ दिनों भीतर दी गई थी। इस मामले का खुलासा होने के बाद खडग़े बैकफुट पर आ गए थे। खडग़े परिवार के स्वामित्व वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट ने विवादास्पद स्थल को वापस करके भ्रष्टाचार से मुक्त होने का प्रयास किया।

कांग्रेस जिन भी राज्यों में सत्ता में रही है, उनमें से ऐसा एक भी राज्य नहीं जिनमें मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर भ्रष्टाचार-घोटालों के आरोप नहीं लगे हों। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है।

सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस में गांधी परिवार खडग़े सहित अन्य नेता भाजपा पर दुर्भावना से कार्रवाई का आरोप लगाते रहे हैं, किन्तु अदालतों में चल रहे इनके खिलाफ मामलों में यह दुर्भावना अभी तक साबित नहीं कर सके। चर्चित घोटालों और घपलों में अदालतों से किसी को क्लीन चिट नहीं मिल सकी। सवाल यह भी है कि आखिर कांग्रेस का दामन इतना ही पाक साफ है तो ईडी और अन्य एजेंसियों के आरोपों को अदालतों से मुक्ति क्यों नहीं मिल सकी। कांग्रेस सहित 14 राजनीतिक दलों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार कर दिया था। शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि नेताओं को विशेष इम्यूनिटी नहीं दी जा सकती। नेताओं के भी आम नागरिकों जैसे अधिकार हैं। अगर सामान्य गाइडलाइन जारी की तो ये खतरनाक प्रस्ताव होगा। नेताओं की गिरफ्तारी पर अलग से गाइडलाइन नहीं हो सकती। इस टिप्पणी के बाद यह याचिका वापस ले ली गई। निरन्तर भ्रष्टाचार के आरोपों को झेल रही कांग्रेस और विपक्षी दलों को यह बात शायद अभी तक समझ नहीं आई कि जब तक भ्रष्टाचार पर जीरा टॉलरेंस की नीति नहीं अपनाएंगे, तब तक देश के मतदाताओं से खोया हुआ विश्वास फिर से हासिल नहीं कर पाएंगे।

# ऑनलाइन भुगतान के मामले में भारत के यूपीआई ने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ा

//प्रह्लाद सबनानी//

**भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं। हाल ही के समय में भारत, विभिन्न क्षेत्रों में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। कुछ क्षेत्रों में तो अब भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने बैंकिंग व्यवहारों के मामले में तो जैसे क्रांति ही ला दी है। अभी हाल ही में आर्थिक क्षेत्र में बैंकिंग व्यवहारों के मामले में भारत के युनिफाईड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने अमेरिका के 67 वर्ष पुराने वीजा एवं मास्टर कार्ड के पेमेंट सिस्टम को प्रतिदिन होने वाले आर्थिक व्यवहारों की संख्या के मामले में वैश्विक स्तर पर पीछे छोड़ दिया है। वैश्विक स्तर पर अब भारत विश्व का सबसे बड़ा रियल टाइम पेमेंट नेटवर्क बन गया है।**




भारत में वर्ष 2016 के पहले ऑनलाइन पेमेंट का मतलब होता था केवल वीजा और मास्टर कार्ड। वीजा और मास्टर कार्ड को चलाने वाली अमेरिका की ये दोनों कंपनिया पूरी दुनिया में ऑनलाइन पेमेंट का एकाधिकार रखती थीं। वीजा की शुरुआत, अमेरिका में वर्ष 1958 में हुई थी और धीमे धीमे यह कंपनी 200 से अधिक देशों में फैल गई और ऑनलाइन भुगतान के मामले में पूरे विश्व पर अपना एकाधिकार जमा लिया। वैश्विक स्तर पर इस कम्पनी को चुनौती देने के उद्देश्य से भारत ने वर्ष 2016 में अपना पेमेंट सिस्टम, यूपीआई के रूप में, विकसित किया और वर्ष 2025 आते आते भारत का यूपीआई सिस्टम आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। यूपीआई पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार चुटकी बजाते ही हो जाते है। आज सब्जी वाले, चाय वाले, सहायता प्राप्त करने वाले नागरिक एवं छोटी छोटी राशि के आर्थिक व्यवहार करने वाले नागरिकों के लिए यूपीआई सिस्टम ने ऑनलाइन बैंकिंग व्यवहार करने को बहुत आसान बना दिया है। आज भारत के यूपीआई सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन 65 करोड़ से अधिक व्यवहार (1800 करोड़ से अधिक व्यवहार प्रति माह) हो रहे हैं जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वीजा कार्ड से माध्यम से प्रतिदिन 63.9 करोड़ व्यवहार हो रहे हैं। इस प्रकार, भारत के यूपीआई ने दैनिक व्यवहारों के मामले में 67 वर्ष पुराने अमेरिका के वीजा को पीछे छोड़ दिया है। भारत में केंद्र सरकार की यह सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है। भारत अब इस मामले में पूरी दुनिया का लीडर बन गया है। भारत ने यह उपलब्धि केवल 9 वर्षों में ही प्राप्त की है। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम की अत्यधिक प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह नई तकनीकी का चमत्कार है एवं यह सिस्टम अत्यधिक प्रभावशाली है। भारत का यूपीआई सिस्टम भारत को वैश्विक बैंकिंग नक्शे पर एक बहुत बड़ी शक्ति बना सकता है।

भारत में यूपीआई की सफलता की नींव दरअसल केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई कई आर्थिक योजनाओं के माध्यम से पड़ी है। समस्त नागरिकों के आधार कार्ड बनाने के पश्चात जब आधार कार्ड को नागरिकों के बैंक खातों से जोड़ा गया और केंद्र सरकार द्वारा देश के गरीब वर्ग की सहायता के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि को सीधे ही नागरिकों के बैंक खातों में जमा किया जाने लगा तब एक सुदृढ्ढ पेमेंट सिस्टम की आवश्यकता महसूस हुई और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के रूप में यूपीआई का जन्म वर्ष 2016 में हुआ। यूपीआई को आधार कार्ड एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत बैंकों में खोले गए खातों से जोड़ दिया गया। नागरिकों के मोबाइल क्रमांक और आधार कार्ड को बैंक खातों से जोड़कर यूपीआई सिस्टम के माध्यम से आर्थिक एवं लेन-देन व्यवहारों को आसान बना दिया गया। भारत में आज लगभग 80 प्रतिशत युवा एवं बुजुर्ग जनसंख्या का विभिन्न बैंकों के खाता खोला जा चुका है। यूपीआई के माध्यम से केवल कुछ ही मिनटों में एक बैंक खाते से दूसरे बैंक खाते में राशि का अंतरण किया जा सकता है। ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम के रूप में यूपीआई के आने के बाद तो अब भारत के नागरिक एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड को भी भूलने लगे हैं।

भारत से बाहर अन्य देशों में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक भी अपनी बचत को यूपीआई के माध्यम से अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में ऑनलाइन राशि का अंतरण चंद मिनटों में कर सकते हैं। पूर्व में, बैंकिंग चेनल के माध्यम से एक देश के बैंक खाते से दूसरे देश के बैंक खाते में राशि का अंतरण करने में 2 से 3 दिन का समय लग जाता था तथा विदेशी बैकों द्वारा इस प्रकार के अंतरण राशि पर खर्च भी वसूला जाता है। अब यूपीआई के माध्यम से कुछ ही मिनटों में राशि एक देश के बैंक खाते से दूसरे देश के बैंक खाते में अंतरित हो जाती है। इससे भारतीय रुपए का अंतरराष्ट्रीयकरण भी हो रहा है। विश्व के अन्य देशों में पढ़ाई के लिए गए छात्रों को अपने खर्च चलाने एवं विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में फीस की राशि यूपीआई सिस्टम से जमा कराने में बहुत आसानी होगी। जिस भी देश में भारतीय मूल में नागरिकों की संख्या अधिक है उन देशों में भारत के यूपीआई सिस्टम को लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आज 13,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि इन देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिकों द्वारा प्रतिवर्ष भारत में भेजी जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर भारत के यूपीआई सिस्टम की स्वीकार्यता बढ़ने से अमेरिकी डॉलर पर भारत की निर्भरता भी कम होगी, इससे भारतीय रुपए की मांग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी और डीडोलराईजेशन की प्रक्रिया तेज होगी।

भारत ने यूपीआई के प्रतिदिन होने वाले व्यवहारों की संख्या के मामले में आज अमेरिका, चीन एवं पूरे यूरोप को पीछे छोड़ दिया है। वर्तमान में भारत के यूपीआई सिस्टम का विश्व के 7 देशों यथा यूनाइटेड अरब अमीरात, फ्रान्स, ओमान, मारीशस, श्रीलंका, भूटान एवं नेपाल में उपयोग हो रहा है। इन देशों में रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक यूपीआई के माध्यम से सीधे ही भारत के साथ आर्थिक व्यवहार कर रहे हैं। दक्षिणपूर्वीय देशों यथा मलेशिया, थाइलैंड, फिलिपींस, वियतमान, सिंगापुर, कम्बोडिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ताईवान एवं हांगकांग आदि भी भारत के यूपीआई सिस्टम के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं। यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीयन देशों ने भी भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में लागू करने की इच्छा जताई है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की साइप्रस एवं नामीबिया यात्रा के दौरान इन दोनों देशों ने भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में शुरू करने के लिए भारत से निवेदन किया है। पूरे विश्व में अब कई देशों का विश्वास भारत के यूपीआई सिस्टम पर बढ़ रहा है और यदि ये देश भारत के यूपीआई सिस्टम को अपने देश में लागू कर देते हैं तो इससे भारत में विदेशी निवेश की राशि में भी तेज गति से वृद्धि होने की सम्भावना बढ़ जाएगी।

## तस्वीरों की दुनिया




सीपीआई-एम नेता वृंदा करात पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रांची में पूर्व पार्टी नेता सुभाष मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित जुलूस में भाग लेती हुई।



तिरुवनंतपुरम में विझिंजम मछली पकड़ने के बंदरगाह पर लोगों की भीड़, जब मछुआरे अपनी मछलियां लेकर लौट रहे थे।



थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के दिग्गजों और शहीदों के परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान कुरान की तिलावत सुनते हुए।



तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह की पृष्ठभूमि में मछली पकड़ने के बंदरगाह पर समुद्र की लहरें किनारे से टकरा रही हैं।




लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुजरात के आणंद में जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के दौरान।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में गौरीकुंड में भूस्खलन के कारण केदारनाथ धाम जाने वाला मार्ग अवरुद्ध होने के बाद चल रहे पुनर्निर्माण कार्य के दौरान फंसे हुए लोग।



लद्दाख में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर द्रास में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और रक्षा राय मंत्री संजय सेठ के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस पदयात्रा की झलकियाँ।

# हमारी सेना ने प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ी लड़ाई सीडीएस चौहान ने कारगिल युद्ध के वीरों की सुनाई गाथा

**नईदिल्ली, 27 जुलाई [एजेंसी]।**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दुश्मन की लाभप्रद स्थिति के बावजूद ऊंची पर्वत चोटियों पर किलेबंद ठिकानों पर कब्जा करके भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस और सामरिक कौशल का परिचय दिया। उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में लड़ाई लड़ी। चरम मौसम की स्थिति में दुश्मन की भारी गोलाबारी के बीच लगभग खड़ी चट्टानों पर चढ़ते हुए विजय हासिल की।एक्स पोस्ट में हेडक्वार्टर इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने कहा कि जनरल अनिल चौहान ने अपने संदेश में कहा, कारगिल विजय दिवस प्रत्येक भारतीय को हमारे वीर सैनिकों की अद्वितीय बहादुरी, दृढ़ता और देशभक्ति की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए निडर होकर लड़ाई लड़ी। यह दिवस पाकिस्तान के विश्वासघात की कड़वी सच्चाई की भी याद दिलाता है। मुजाहिदीन के वेश में नियमित सैनिकों को भेजकर संघर्ष को बढ़ाने की पाकिस्तानी सेना की चाल उनके विश्वासघात की कड़ी याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल अतीत को याद करने का ही नहीं, बल्कि भविष्य के



लिए प्रेरणा लेने का भी दिन है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में एकजुटता, तैयारी और अटूट साहस के महत्व पर जोर दिया और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमताओं का प्रमाण बताया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश के उन सशस्त्र बलों के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की भूमि की रक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में बहादुरी से लड़ाई लड़ी और पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी।मुर्मु ने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में कहा, यह दिन हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। राष्ट्र के लिए उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस देश को सैनिकों के अद्वितीय साहस और वीरता की याद दिलाता है, जिन्होंने देश के गौरव की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए सैन्य कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।राजनाथ सिंह ने कहा, कारगिल विजय दिवस पर मैं अपने उन वीरों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने सबसे कठिन परिस्थितियों में हमारे राष्ट्र के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। कांग्रेस ने भी शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा, उनका अदम्य साहस और वीरता हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, कारगिल विजय दिवस पर मैं देश की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उन्हें नमन करता हूं। भारत सदैव उनका और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा। जय हिंद।

# थाइलैंड और कंबोडिया के बीच लड़ाई जारी, 33 की मौत, करीब 2 लाख लोग हुए विस्थापित



**बैंकाक, 27 जुलाई [एजेंसी]।**

शिव मंदिर को लेकर थाइलैंड और कंबोडिया का संघर्ष शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। दोनों ओर से हो रही फायरिंग और गोलाबारी में अभी तक 33 लोग मारे गए हैं और करीब 1,70,000 लोग विस्थापित हुए हैं। संघर्ष रोकने के लिए दोनों पक्षों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ता जा रहा है। प्रसात ता मोआन थोम मंदिर के नजदीक लैंडमाइन विस्फोट से थाइलैंड के पांच सैनिकों के घायल होने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव एकाएक बढ़ गया था और उसकी परिणति गुरुवार सुबह लड़ाई छिड़ने से हुई। दोनों देशों की 817 किलोमीटर लंबी सीमा पर दर्जन भर जगह लड़ाई छिड़ी हुई है। कंबोडिया ने शनिवार की लड़ाई में अपने 12 लोगों के मारे जाने की जानकारी दी है। इन्हें मिलाकर तीन दिनों की लड़ाई में वहां मरे लोगों की कुल संख्या 13 हो गई है। जबकि थाइलैंड में 20 लोग मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अमेरिका और चीन ने संघर्षविराम के लिए दोनों देशों पर दबाव बढ़ा दिया है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने कहा है कि लड़ाई के बीच कंबोडिया के कोह कोंग प्रांत के नजदीक समुद्र में थाई नौसेना के चार युद्धपोत लंगर डाले हुए हैं और चार अन्य वहां आ रहे हैं।

ऐसे में क्षेत्र में तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। नौसेना की यह तैनाती कंबोडिया पर थाइलैंड का आक्रमण है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि अभी तक की लड़ाई में कंबोडिया के पांच सैनिक और आठ नागरिक मारे गए हैं। कंबोडिया में करीब 38 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। जबकि थाइलैंड की सेना ने कंबोडिया के आरोपों को गलत बताते हुए प्रतिद्वंद्वी देश पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया है।थाइलैंड के अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि कंबोडिया के हमलों से पड़ोसी देश लाओस को भी नुकसान हुआ है। वहां के कई घरों और संपत्तियों को कंबोडियाई गोलाबारी से नुकसान हुआ है, हजारों लोगों को ठिकाने छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है।

# मालदीव के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करेगा भारत, पीएम मोदी ने मुइज्जू समेत अन्य नेताओं को दिया आश्वासन



**माले, 27 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मालदीव के साथ भारत अपने संबंधों को और प्रगाढ़ करेगा। साथ ही भारत क्षमता निर्माण में भी हर संभव मदद करेगा। शनिवार को मोदी ने मालदीव के उप राष्ट्रपति उज हुसैन मोहम्मद लतीफ, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद समेत कई नेताओं से मुलाकात के दौरान यह आश्वासन दिया।इसके साथ ही मोदी ने शनिवार को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जोकि द्विपक्षीय संबंधों में सुधार का एक और संकेत है। देर शाम मोदी वतन लौट आए। मोदी मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को ही दो दिवसीय यात्रा पर माले पहुंच गए थे। प्रधानमंत्री ने मुइज्जू के साथ बैठकर इस कार्यक्रम का आनंद लिया। समारोह में सैन्य परेड के अलावा बच्चों व पारंपरिक कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इससे पूर्व समारोह के दौरान मोदी का स्वागत राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनके मंत्रिमंडल के शीर्ष सदस्यों ने समारोह स्थल प्रतिष्ठित गणतंत्र चौक पर किया। मोदी ने कहा कि मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने मालदीव के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उधर, लतीफ के साथ बातचीत के दौरान मोदी ने भारत-मालदीव संबंधों के प्रमुख स्तंभों जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा में सहयोग पर बातचीत की। मोदी ने कहा- हमारे देश अवसंरचना, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में निकटता से काम कर रहे हैं। यह हमारे लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आने वाले वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने की आशा करते हैं। लतीफ ने कहा- इस वर्ष भारत के साथ औपचारिक कूटनीतिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ है। मुझे आशा है कि भारत के साथ मजबूत सहयोग और मजबूत होता रहेगा। उप राष्ट्रपति ने भारत की ओर से निरंतर सहायता के लिए मोदी का धन्यवाद किया।

पीएम मोदी ने पीपुल्स मजलिस (मालदीव की संसद) के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। इस दौरान मोदी व अब्दुल्ला ने भारत-मालदीव की गहरी मित्रता पर चर्चा की। भारत-मालदीव संसदीय मित्रता समूह के गठन का भी स्वागत किया।मोदी ने कहा- भारत मालदीव में क्षमता निर्माण में समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान अब्दुल्ला ने मोदी का मालदीव के साथ संबंधों को बढ़ाने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने मालदीव में भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत की और द्वीप राष्ट्र की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा- भारतीय प्रवासी भारत और दुनिया के बीच सबसे मजबूत पुलों में से एक बने हुए हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के लाभार्थियों के साथ भी बातचीत की। इससे पूर्व दिन की शुरुआत में मोदी ने पूर्व मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद से भी मुलाकात की।

## गाजा में इजरायल की कार्रवाई जारी, भूखे लोगों पर फिर फायरिंग, 21 लोग मारे गए

**यरुशलम।** गाजा में भूख से बिलबिलाते-मरते लोग इजरायली हमले झेलने को अभिशप्त हैं। शनिवार को गाजा में इजरायल के हवाई हमलों और गोलाबारी में 25 लोग मारे गए। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम के लिए हो रही वार्ता के टूटने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराते हुए अब उसका काम खत्म करने की बात कही है। शनिवार को मारे गए 21 लोग वे थे जो जिकिम क्रॉसिंग के नजदीक राहत सामग्री के ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। ये लोग खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान जल्द मिलने की चाह में वहां पर खड़े हुए थे। उन पर इजरायली सैनिकों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी।इजरायली सेना ने इस गोलीबारी का कारण नहीं बताया है। विदित हो कि गाजा में खाद्य सामग्री लेने गए एक हजार से ज्यादा लोग बीते करीब दो महीने में इजरायली फायरिंग में मारे गए हैं।

## 166 पीड़ितों के परिवारों को दिया गया अंतरिम मुआवजा, एअर इंडिया ने बताया कितना मिलेगा पैसा



**मुंबई।** निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने पिछले महीने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के 166 पीड़ितों के परिवारों को अंतरिम मुआवजा दे दिया है। इसके अलावा, 52 अन्य पीड़ितों के परिवारों को भुगतान की प्रक्रिया जारी है। यह दुर्घटना एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआइ171 के रूप में संचालित बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर से जुड़ी थी। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई, जबकि जमीन पर हताहतों सहित कुल 260 लोगों की मौत हो गई। एअर इंडिया ने 14 जून को घोषणा की थी कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए और जीवित बचे प्रत्येक व्यक्ति के परिवारों को तत्काल वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 25 लाख रुपये या लगभग 21,500 पाउंड का अंतरिम मुआवजा प्रदान करेगी। एयरलाइन ने कहा कि एअर इंडिया ने 229 मृत यात्रियों में से 147 और दुर्घटनास्थल पर जान गंवाने वाले 19 लोगों के परिवारों को अंतरिम मुआवजा जारी कर दिया है।इसके अलावा 52 अन्य लोगों के आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर लिया गया है और अंतरिम मुआवजा परिवारों को जारी किया जाएगा। टाटा समूह की एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि अंतरिम भुगतान को किसी भी अंतिम मुआवजे में समायोजित किया जाएगा। टाटा समूह ने दुर्घटना पीड़ितों को समर्पित एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट भी पंजीकृत किया है।

# मेक इन इंडिया हथियारों ने आतंक के आकाओं की नींद उड़ा दी: पीएम मोदी



**थूथुकुडी , 27 जुलाई [एजेंसी]।**

पीएम नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के थूथुकुडी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए मेड इन इंडिया हथियारों को भारत की ताकत बताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के स्वदेशी हथियारों ने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई। पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार मेक इन इंडिया और मिशन मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रही है। भारत में बने हथियारों ने पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी ठिकानों को मलबे में बदल दिया। भारत में बने हथियार आज भी आतंक के आकाओं को रात में सोने नहीं दे रहे हैं। पीएम मोदी ने तमिलनाडु को कई हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।

उन्होंने बंदरगाह इंफ्रास्ट्रक्चर, एयरपोर्ट विस्तार, हाईवे अपग्रेड, रेल इलेक्ट्रिफिकेशन और क्लीन एनर्जी के 4900 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने चेन्नई से संपर्क सुधारने के लिए 2,500 करोड़ रुपये की दो प्रमुख सड़क परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित थूथुकुडी हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का भी उद्घाटन किया। उन्होंने ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का जिक्र किया और कहा कि इससे तमिलनाडु के युवाओं का फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम अपने प्रयासों से एक विकसित तमिलनाडु और एक विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ा रहे हैं। ब्रिटेन और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता हुआ है, जो इस विजन को और गति देता है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती देगा। यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की हमारी गति को और तेज़ करेगा।

## भाजपा नेता के बेटे ने की पुलिसकर्मियों को कार से रौंदने की कोशिश, लोगों की मदद से गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता कमाल खान के बेटे माज खान ने ड्रग्स सप्लाई की सूचना पर उसकी घेरेबंदी कर रहे पुलिसकर्मियों को कार से रौंदने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई।राहगीरों की मदद से कार रोकी गई और माज को गिरफ्तार किया गया। उसकी कार में एक युवती भी बैठी थी। तलाशी में कार से संदिग्ध पाउडर मिला है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह के अनुसार सूचना मिली थी कि माज ड्रग्स की डिलीवरी देने जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई थीं। शाम को वह कार से जाता दिखा।सादे कपड़ों में तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने उन्हें टक्कर मारते भागने की कोशिश की। माज के खिलाफ फिलहाल हत्या की कोशिश और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज कर लिया गया है। उससे पूछताछ चल रही है।

# देश की शिक्षा व्यवस्था पर फिर मोहन भागवत ने दिया बड़ा बयान, बोले- भारतीय दर्शन पर आधारित हो शिक्षा प्रणाली



**कोच्चि।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि देश में शिक्षा प्रणाली उपनिवेशी विचारों के दीर्घकालिक प्रभाव के तहत विकसित हुई है। विकसित राष्ट्र के लिए भारतीय दर्शन पर आधारित वैकल्पिक प्रणाली तैयार करने की आवश्यकता है। आरएसएस से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चिंतन बैठक के दूसरे दिन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि स्वयंसेवकों को अपने कार्यक्षेत्र में सक्षम बनना चाहिए। दूसरों को आगे बढ़ाने के लिए मित्रवत संबंध विकसित करने चाहिए। इस बैठक का उद्घाटन शुक्रवार को भागवत ने किया था।संस्कृति उत्थान न्यास ने बयान में कहा कि मोहन भागवत रविवार को राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा को संबोधित करेंगे। हालांकि सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन 28 जुलाई सोमवार को होगा। न्यास ने दावा किया कि भारतीय दर्शन पर आधारित शिक्षा प्रणाली सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगी।शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कोठारी ने कहा कि नैतिक मूल्यों में गिरावट, महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि, पर्यावरणीय समस्याएं आदि हमारे समाज को गंभीर संकट की ओर ले जा रही हैं।

उन्होंने इसका समाधान खोजने की सलाह दी। कोठारी ने कहा कि ज्ञान सभा का आयोजन भारत के संदर्भ में किया जा रहा है, जो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है, जिसने अपनी अनूठी तकनीक के माध्यम से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक सफलतापूर्वक पहुंचकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया है।

## युद्ध रोक दो नहीं तो..., थाईलैंड-कंबोडिया सैन्य संघर्ष में ट्रंप की एंट्री, भारत और पाक का भी लिया नाम

**वॉशिंगटन।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीत बीते तीन दिनों से हिंसक संघर्ष चल रही है। इस संघर्ष में 16 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हजारों लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। संघर्ष में सिर्फ गोलीबारी तक सीमित नहीं है, बल्कि भारी हथियारों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।इस सैन्य संघर्ष को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्होंने कंबोडिया और थाईलैंड के नेताओं से बात की है और दोनों देश तत्काल युद्धविराम चाहते हैं।

स्कॉटलैंड की यात्रा के दौरान सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि वह इस समय चल रहे युद्ध का अंत चाहते हैं और चेतावनी दी कि अगर दक्षिण-पूर्व एशियाई सरकारें अभी भी लड़ रही हैं, तो वह उनके साथ कोई व्यापारिक समझौता नहीं करेंगे। ट्रंप ने ये भी कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष को भी रोकने में अहम भूमिका निभाई थी।

# भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए रियल टाइम डाटा शेयरिंग जरूरी, अमित शाह ने नशा मुक्त भारत पर कही ये बात

**नईदिल्ली, 27 जुलाई [एजेंसी]।**

गृह मंत्री अमित शाह ने देश के सामने भविष्य में आने वाली आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच रियल टाइम डाटा शेयरिंग का इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया।आंतरिक सुरक्षा की मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की नए सिरे से स्थापना बताया। हाईब्रिड माडल पर आयोजित सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के महानिदेशक और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ-साथ अत्याधुनिक तकनीक से जुड़े विशेषज्ञ भी शामिल हुए। शुरू हुए सम्मेलन को अंतिम दिन संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का सुबूत है, जिसका प्रदर्शन पूरी दुनिया के सामने किया गया। मोदी सरकार के दौरान पिछले 11 वर्षों में देश की आंतरिक समस्याओं के समाधान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को विरासत में विभिन्न राज्यों में बिखरी हुई अनेक समस्याएं मिली थीं, जिनका समाधान किया गया।अमित शाह ने देश के सामने बढ़ती चुनौतियों के लिए तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को भी एक कारण बताया। उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से उभरने वाली अर्थव्यवस्था में से एक है। इसलिए देश के सामने चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इन



चुनौतियों से निपटने के लिए उन्होंने सजग रहने और उनका समाधान निकालने की सलाह दी। उन्होंने वरिष्ठ अफसरों द्वारा युवा अफसरों को समस्याओं से परिचित कराने और उनका समाधान खोजने में मदद करने का आह्वान किया। कहा कि यह सम्मेलन इस दिशा में अहम भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है।इसे देखते हुए सभी राज्यों के पुलिस बल और केंद्रीय जांच एजेंसियों को विश्व में सबसे बेहतर बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना चाहिए। यही नहीं, सभी एजेंसियों के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव की जरूरत बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें सुरक्षा और सजगता को आदत और समन्वय को कार्य पद्धति का हिस्सा बनाना चाहिए। आईएएनएस के अनुसार, गृह मंत्री शाह ने सम्मेलन में आतंकवाद और तस्करी में शामिल भगोड़ों के खिलाफ सख्त रणनीति अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने वित्तीय अनियमितताओं का विश्लेषण करके आतंकवाद की फंडिंग के स्त्रोतों का पता लगाने और राष्ट्रीय हितों के खिलाफ विदेशी ताकतों का मुकाबला करने तथा उनके घरेलू नेटवर्क को ध्वस्त करने पर भी जोर दिया।इससे पहले सुरक्षा अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत में गृह मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ ढांचे को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी और राज्य आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने राज्यों के पुलिस महानिदेशकों से कहा कि वे अगले तीन वर्षों को नशा मुक्त भारत के लिए एक मिशन अवधि के रूप में ध्यान केन्द्रित करें तथा मादक पदार्थ तस्करों पर नकेल कसने, मादक पदार्थ अपराधियों के प्रत्यर्पण को सुनिश्चित करने तथा मादक पदार्थ विरोधी प्रयासों में ऊपर से नीचे तथा नीचे से ऊपर तक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सतना में अजब मामला, सलाना सिर्फ 3 रुपये कमाता है शख्स आय प्रमाण पत्र भी हुआ जारी



**सतना, 27 जुलाई [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के सतना जिले की कोठी तहसील से जारी एक आय प्रमाण पत्र ने सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नयागांव निवासी रामस्वरूप के नाम पर 22 जुलाई को जारी प्रमाण पत्र में उनकी वार्षिक आय मात्र तीन रुपये दर्शाई गई है, जो औसतन 25 पैसे प्रतिमाह बैठती है। यह प्रमाण पत्र तहसीलदार सौरभ द्विवेदी के हस्ताक्षर से जारी हुआ।जैसे ही प्रमाण पत्र इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हुआ, लोग हैरान रह गए। रामस्वरूप ने आवेदन में अपनी वार्षिक आय 30 हजार रुपये दर्शाई थी।तहसीलदार ने बताया कि लिपिकीय त्रुटि के कारण यह गलती हुई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुराना प्रमाण पत्र निरस्त कर नया प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है।

## पटना के होटल में चल रहा था देह व्यापार, पुलिस के पहुंचते ही मचा हड़कंप, मिली चार युवतियां



**पटना।** कंकड़बाग थाने की पुलिस ने चिरैयाटाड़ पुल के पास एक होटल में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने वहां से चार युवतियां और दो नाबालिग को मुक्त कराया। होटल के दो स्टाफ को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों की पहचान सुपौल निवासी चंदन कुमार और पीरबहोर निवासी पंकज कुमार के रूप में हुई।इस मामले में कंकड़बाग थाने में अनैतिक देह व्यापार अधिनियम, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।एसडीपीओ सदर अभिनव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चिरैयाटाड़ पुल के पास स्थित कृष्णा होटल में अनैतिक देह व्यापार का धंधा करवाया जा रहा है। छापेमारी के दौरान पकड़े गए आरोपितों से हुई पूछताछ में तीन अन्य का नाम उजागर हुआ है। इसमें एजेंट और दो होटल कर्मी हैं।तीनों की तलाश में छापेमारी कर रही है। होटल को सील किया जाएगा। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हुई इस कार्रवाई में छह युवतियों (जिनमें दो नाबालिग शामिल हैं) और दो युवकों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया।पूछताछ में अनैतिक देह व्यापार की पुष्टि हुई। दोनों युवक होटल के स्टाफ हैं। वहां से दो मोबाइल भी मिला। पूछताछ में पता चला कि छह माह पूर्व लीज पर होटल लिया गया था। मुक्त कराई गईं युवतियां उत्तर प्रदेश और बिहार की हैं।

## मुग्धा गोडसे : मिस इंडिया सेमीफाइनलिस्ट से फैशन का मॉडल अवतार, पर्सनल लाइफ के भी रहे चर्चे



बॉलीवुड की चमकती दुनिया में अपनी अदाकारी और बेबाक अंदाज से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मुग्धा गोडसे हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। 'फैशन' और 'हीरोइन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली मुग्धा, मिस इंडिया सेमीफाइनलिस्ट रहने के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। 14 साल बड़े अभिनेता राहुल देव के साथ लिव-इन रिलेशनशिप हो या उनका बेबाक अंदाज, वह लाइमलाइट में छाई रहती हैं।

बॉलीवुड की चमक-दमक और ग्लैमर की दुनिया में अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे का आज 26 जुलाई को जन्मदिन है। अपने अभिनय, मॉडलिंग करियर और निजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाली मुग्धा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। मिस इंडिया सेमीफाइनलिस्ट रह चुकीं मुग्धा की जिंदगी और करियर की कहानी किसी प्रेरणा से कम नहीं है।

26 जुलाई 1986 को पुणे में जन्मीं मुग्धा गोडसे ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग की दुनिया से की थी। साल 2002 में उन्होंने मिस ग्लैडरैग्स मेगा मॉडल का खिताब अपने नाम किया, जिसने उनके लिए ग्लैमर की दुनिया के दरवाजे खोल दिए। इसके बाद साल 2004 में वह मिस इंडिया प्रतियोगिता में सेमीफाइनलिस्ट रहीं। मॉडलिंग में सफलता के बाद मुग्धा ने बॉलीवुड का रुख किया और साल 2008 में मधुर भंडारकर की फिल्म 'फैशन' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के साथ उनकी जोड़ी और उनके किरदार ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मुग्धा ने फिल्म में एक सशक्त मॉडल का किरदार निभाया, जिसे क्रिटिक्स और दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद मुग्धा ने 'ऑल द बेस्ट', 'हीरोइन', 'बेजुबान इश्क' और जेल' जैसी फिल्मों में काम किया। हालांकि, उनकी ज्यादातर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ा कमाल नहीं दिखा पाईं, लेकिन मुग्धा के अभिनय और स्क्रीन प्रजेंस को हमेशा सराहा गया।

मुग्धा गोडसे की प्रोफेशनल लाइफ जितनी चर्चा में रही, उतनी ही उनकी पर्सनल लाइफ भी सुर्खियों में रही है। वह लंबे समय से बॉलीवुड अभिनेता राहुल देव के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में हैं। खास बात यह है कि राहुल, मुग्धा से उम्र में 14 साल बड़े हैं, लेकिन दोनों का रिश्ता इस उम्र के फासले को पूरी तरह से नजरअंदाज करता है। दोनों ने अपने रिश्ते को हमेशा खुलकर स्वीकार किया और एक-दूसरे के साथ अपनी बॉन्डिंग को लेकर कई मौकों पर बात की।

मुग्धा और राहुल की केमिस्ट्री न सिर्फ ऑफ-स्क्रीन, बल्कि ऑन-स्क्रीन भी देखने को मिली है। दोनों ने कई प्रोजेक्ट्स में साथ काम किया और उनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। मुग्धा गोडसे न सिर्फ एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री और मॉडल हैं, बल्कि वह फिटनेस फ्रिक भी हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी वर्कआउट रूटीन और हेल्दी लाइफस्टाइल की झलकियां साझा करती हैं।



## नीलम गिरी ने रिमझिम बरसे बदरवा में किया रेन डांस, वीडियो पर फैंस ने लुटाया प्यार

भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस नीलम गिरी एक बार फिर अपने दिलकश अंदाज से सोशल मीडिया पर छा गई हैं. हाल ही में उनका नया गाना रिमझिम बरसे बदरवा रिलीज़ हुआ है, जिसमें उन्होंने बेमिसाल रेन डांस कर दर्शकों को दीवाना बना दिया है. इस गाने में नीलम गिरी ट्रेडिशनल साड़ी में नजर आ रही हैं और उनके एक्सप्रेशंस व मूव्स ने दर्शकों के दिल जीत लिए हैं. यह गाना शिल्पी राज की आवाज़ में है और इसका म्यूजिक भी दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है. रिलीज़ के कुछ ही घंटों में इस वीडियो को इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर हजारों व्यूज़ मिल चुके हैं.

सोशल मीडिया पर फैंस लगातार इस वीडियो पर कमेंट्स कर रहे हैं. किसी ने लिखा बेहतरीन प्रदर्शन तो कोई उन्हें भोजपुरी की रेन क्वीन बता रहा है. उनके डांस स्टेप्स और कैमरा के प्रति आत्मविश्वास ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह इंडस्ट्री की सबसे ग्लैमरस और टैलेंटेड अभिनेत्रियों में से एक हैं.

रिमझिम बरसे बदरवा में नीलम गिरी का यह रेन डांस न केवल विजुअली अट्रैक्टिव है बल्कि म्यूजिकल लेवल पर भी पूरी तरह एंटरटेनिंग है. बारिश के बीच उनकी परफॉर्मेंस और रंग-बिरंगी साड़ी में उनका ट्रेडिशनल ग्लैमर लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है. भोजपुरी इंडस्ट्री में नीलम गिरी का यह वीडियो एक बार फिर यह साबित करता है कि वह सिर्फ एक एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस क्वीन भी हैं, जिनका हर मूव वायरल होने की ताकत रखता है.

## योगा पैंट्स को रोजाना पहनने के लिए इन 5 तरीकों से करें स्टाइल



योगा पैंट्स का चलन आजकल बहुत बढ़ गया है। ये न केवल व्यायाम के दौरान आरामदायक होती हैं, बल्कि इन्हें आप रोजाना पहनकर भी स्टाइलिश दिख सकती हैं। सही तरीके से योगा पैंट्स को स्टाइल करने से आप हर मौके पर आकर्षक लग सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिनसे आप अपनी योगा पैंट्स को रोजमर्रा की जिंदगी में पहन सकती हैं और हर मौके पर स्टाइलिश दिख सकती हैं।

**साधारण लुक के लिए टी-शर्ट के साथ पहनें**

योगा पैंट्स को साधारण लुक देने के लिए एक हल्की टी-शर्ट आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। सफेद या हल्के रंग की टी-शर्ट के साथ आपकी योगा पैंट्स बहुत अच्छी लगेंगी। इस लुक में आप अपने बालों को खुला रख सकती हैं और हल्का-फुल्का मेकअप कर सकती हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि आपको हर दिन आकर्षक भी दिखाएगा और आप कहीं भी जाएं, सबको प्रभावित करेंगी।

**फॉर्मल शर्ट के साथ करें मेल**

फॉर्मल शर्ट के साथ योगा पैंट्स पहनना एक समझदारी भरा विचार हो सकता है, खासकर ऑफिस के लिए। सफेद या हल्के रंग की फॉर्मल शर्ट आपके लुक को पेशेवर बनाती है और आपको हर किसी के बीच अलग दिखाती है। इसके साथ आप आरामदायक जूते पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक पूरा होता है और आरामदायक भी रहता है। इस तरह का मेल न केवल आपको पेशेवर दिखाएगा बल्कि आरामदायक भी रहेगा।

**जैकेट के साथ जोड़ें**

अगर मौसम ठंडा हो तो आप अपनी योगा पैंट्स के साथ एक जैकेट पहन सकती हैं। लेदर या डेनिम जैकेट इस लुक को और भी खास बना सकती हैं। इसके साथ आप आरामदायक जूते पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक पूरा हो जाएगा। यह मेल न केवल आपको गर्म रखेगा बल्कि आकर्षक भी दिखाएगा। इस तरह की स्टाइलिंग से आप हर जगह खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**बूट्स के साथ करें मेल**

योगा पैंट्स के साथ बूट्स पहनना एक नया चलन बन गया है, जो आपको अलग दिखाता है। काले रंग की योगा पैंट्स के साथ काले या भूरे रंग की बूट्स बहुत अच्छी लगती हैं। इस लुक में आप अपने बालों को खुला रख सकती हैं या बांध सकती हैं। यह स्टाइल आपको सर्दियों में गर्म रखने के साथ-साथ आकर्षक भी दिखाएगा। इस तरह का लुक आपको हर मौके पर खास बनाएगा और आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

**एक्सेसरीज का रखें ध्यान**

योगा पैंट्स के साथ सही एक्सेसरीज पहनना बहुत जरूरी होता है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। स्टेटमेंट ईयररिंग्स या हल्के हार आपके लुक को निखार सकते हैं। इसके अलावा आप हाथ में घड़ी या कंगन भी पहन सकती हैं, जो आपके स्टाइल को और भी खास बनाएगा। इस तरह के एक्सेसरीज आपके लुक को आकर्षक बनाते हैं और आपको हर मौके पर अलग दिखाने में मदद करते हैं।

# प्लाजो जंपसूट को स्टाइल करते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, लगेगा स्टाइलिश

प्लाजो जंपसूट एक ऐसा परिधान है, जो न केवल आरामदायक है, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाता है। इसे पहनकर आप किसी भी अवसर पर आकर्षक लग सकती हैं, चाहे वह पार्टी हो या ऑफिस का काम। सही एक्सेसरीज और कपड़ों का मेल करके आप अपने लुक को खास बना सकती हैं। आइए जानते हैं कि प्लाजो जंपसूट को कैसे स्टाइल किया जा सकता है ताकि आप हर मौके पर बेहतरीन दिखें।

**सही रंगों का चयन करें**

प्लाजो जंपसूट चुनते समय सही रंग का चयन बहुत जरूरी है। अगर आप ऑफिस जा रही हैं तो हल्के और शांत रंग जैसे बेज, ग्रे या काला चुनें। ये रंग पेशेवर दिखते हैं और हर मौके पर जचते हैं। वहीं पार्टी या खास अवसरों के लिए आप चमकीले रंग जैसे लाल, नीला या हरा चुन सकती हैं। इन रंगों से आपका लुक न केवल आकर्षक लगेगा, बल्कि आप सबसे अलग भी दिखेंगी।

**फिटिंग का ध्यान रखें**

प्लाजो जंपसूट की फिटिंग पर खास ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें कि यह आपकी बॉडी पर अच्छे से फिट हो ताकि आप आरामदायक महसूस करें और साथ ही स्टाइलिश भी दिखें। अगर जंपसूट ढीला हो तो उसे थोड़ा सिलवा लें ताकि वह आपकी बॉडी के हिसाब से फिट हो सके। सही फिटिंग से आपका लुक न केवल पेशेवर लगेगा, बल्कि आपको आत्मविश्वास भी देगा और आप हर मौके पर बेहतरीन दिखेंगी।

**एक्सेसरीज का सही चयन करें**

एक्सेसरीज आपके पूरे लुक को खास बना सकते हैं। अगर आप ऑफिस जा रही हैं तो छोटे स्टड्स और साधारण घड़ी पहनें, वहीं पार्टी के लिए स्टेटमेंट ईयररिंग्स, चेन और हाथों में कड़ा पहन सकती हैं। इसके अलावा एक अच्छा बैग भी आपके लुक को पूरा करेगा। अगर आप किसी खास मौके पर जा रही हैं तो थोड़ा एक्सेसरीज का चयन करें जैसे कि चेन, अंगूठी और कान की बालियां, जो आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएंगी।

**फुटवियर्स का चयन करें**

फुटवियर्स का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आरामदायक होने चाहिए ताकि आप पूरे दिन बिना किसी परेशानी के उन्हें पहन सकें। ऑफिस के लिए फ्लैट्स या ब्लॉक हील्स फुटवियर्स अच्छे विकल्प हैं, जबकि पार्टी के लिए हाई हील्स फुटवियर्स चुन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएंगे। इसके अलावा अगर आप किसी खास मौके पर जा रही हैं तो फ्लैट्स या आरामदायक फुटवियर्स भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

**बालों के स्टाइल पर ध्यान दें**

बालों का स्टाइल भी आपके पूरे लुक को प्रभावित करती है इसलिए इसे नजरअंदाज न करें। ऑफिस जाते समय बालों को खुला छोड़ सकती हैं या जुड़ा बना सकती हैं, जबकि पार्टी के लिए खुला बाल या हल्का सा घुंघराला अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके अलावा अगर आप किसी खास मौके पर जा रही हैं तो बालों में हल्का सा कर्ल या सीधा करवा सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा।



### बच्चों में डायरिया को न करें नजरअंदाज, समय पर करे ये जरूरी इलाज

डायरिया, यानी दस्त की परेशानी, बच्चों में बहुत आम होती है खासकर गर्मी और बरसात के मौसम में। जब किसी बच्चे को बार-बार ढीला, पानी जैसा मल होने लगे तो यह डायरिया होता है। यह तब खतरनाक बन जाता है जब शरीर में पानी और जरूरी मिनरल्स की कमी होने लगे जिसे डिहाइड्रेशन कहा जाता है। बच्चों का शरीर छोटा होता है इसलिए पानी की कमी बहुत जल्दी हो सकती है। यही कारण है कि डायरिया को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह किसी अन्य बीमारी या संक्रमण का संकेत भी हो सकता है।

कभी-कभी हल्का डायरिया सामान्य होता है, जैसे कि जब बच्चा नई चीज़ें खाता है या मौसम बदलता है। लेकिन अगर बच्चा दिन में 3-4 बार से ज्यादा पतले दस्त कर रहा है, तो यह चिंता का कारण बन सकता है।

डायरिया के सामान्य कारण-

गंदा खाना या पानी

हाथ साफ न होना

बोतल या बर्तन साफ न होना

संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आना

खुले में शौच जाना

गंदे खिलौने या चीजें मुंह में डालना

दूध न पच पाना भी हो सकता है कारण

कई छोटे बच्चों को लैक्टोज इन्टॉलरेंस होता है यानी वे दूध ठीक से नहीं पचा पाते। इससे भी डायरिया हो सकता है। इसके अलावा, कभी-कभी नई चीज खाने पर या ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं लेने पर भी दस्त हो सकते हैं। बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होती है, इसलिए वे जल्दी बीमार पड़ सकते हैं।

डायरिया होने पर सबसे ज़रूरी है - पानी और नमक की पूर्ति-जब बच्चा डायरिया से पीड़ित होता है तो उसके शरीर से बहुत सारा पानी, नमक और जरूरी तत्व (इलेक्ट्रोलाइट्स) बाहर निकल जाते हैं। इस स्थिति में सबसे जरूरी है कि बच्चे को ओआरएस (हृक्र) का घोल पिलाया जाए। हर बार दस्त के बाद हृक्र देना चाहिए, ताकि शरीर में पानी और नमक की कमी न हो। छोटे बच्चों को माँ का दूध जरूर देते रहें, क्योंकि यह पोषण भी देता है और डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

क्या खाना दें?-खिचड़ी,दाल-चावल केला,सेब की चटनी,दही,भारी, तली-भुनी चीजें या दूध जैसी चीजों से परहेज करें।



### 18 कैरेट गोल्ड कोर्सेट में Tara Sutaria ने लूटी महफिल, शोस्टॉपर लुक बना फैशन स्टेटमेंट

फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ इंडिया और रिलायंस ब्रांड्स की पहल से आयोजित हुंडई इंडिया कॉउचर वीक का दूसरा दिन बेहद खास बना, जब तारा सुतारिया ने अपने ग्लैमरस लुक से सबका ध्यान खींचा। उनका लुक रोज़रूम बाय ईशा जाजोदिया के संग्रह का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने एक 18 कैरेट सोने का स्ट्रक्चर्ड कोर्सेट पहना।

## रोज़ रात सोने से पहले कर लें ये 4 काम, 40 के बाद भी जवां दिखेगा चेहरा

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, 40 पार करते ही चेहरे पर झुर्रियां, रंगत फीकी पड़ना और उम्र का असर साफ दिखने लगता है। इसे पूरी तरह रोकना मुश्किल है, लेकिन इसे धीमा जरूर किया जा सकता है। आज हम आपको कुछ सरल तरीकों के बारे में बताएंगे, जिससे उम्र का असर चेहरे पर नजर नहीं आएगा।

चेहरे की सफाई- रात को सोने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें। इससे डेड स्किन सेल्स निकल जाती हैं और पोर्स क्लीन होते हैं।

घी या नारियल तेल की मालिश- अगर डार्क सर्कल या झुर्रियों की समस्या हो रही हो तो सोने से पहले उंगलियों से हल्की मालिश करें। यह त्वचा को पोषण और नमी देता है।

बर्फ से मसाज- बर्फ से चेहरे पर massage करने से त्वचा फ्रेश रहती है और बुढ़ापे का असर धीमा होता है।

मॉइश्चराइजर लगाएं- रात में मॉइश्चराइजर लगाने से स्किन हाइड्रेटेड रहती है और चमक बनी रहती है।

केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स- रासायनिक प्रोडक्ट्स चेहरे को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उम्र का असर जल्दी दिखाते हैं। इसलिए कोशिश करें कि नेचुरल या त्वचा फ्रेंडली चीजें ही इस्तेमाल करें।

मेकअप न उतारना- कई महिलाएं रात को सोने से पहले अपना मेकअप नहीं उतारतीं। ये आदत त्वचा को नुकसान पहुंचाती है और झुर्रियों की वजह बन सकती है।



स्किन कवर न करना- बाहर निकलते समय पूर्ण स्किन कवर करना जरूरी है, इससे धूप और प्रदूषण से सुरक्षा मिलती है।

तनाव मुक्त रहें, चेहरे की चमक बनी रहे स्टेशन के कारण- तनाव लेने से चेहरे पर झुर्रियाँ और काले धब्बे जल्दी उभर सकते हैं।

खुश महसूस करें- जितना आप खुश रहेंगे, उतना ही चेहरे पर आपकी नेचुरल खूबसूरती निखर कर दिखेगी।

मन को सकारात्मक रखें- रोज थोड़ा समय छुट्टी-खुशी के लिए निकालें, इससे चेहरे की चमक बनी रहती है।

बुढ़ापे को पूरी तरह टालना संभव नहीं, लेकिन इसे धीमा जरूर किया जा सकता है। नियमित, साधारण लेकिन सही स्किनकेयर रूटीन से आप चेहरे की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को नियंत्रित कर सकते हैं। रात को सफाई, पोषण, तनाव नियंत्रण और स्वस्थ आदतों से आपका चेहरा ज्यादा समय तक जवान और चमकदार बना रहेगा।

# छुरीगढ़ धाम में गेज नदी के जल से अभिषेक करेंगे श्रद्धालु

**कोरिया बैकुंठपुर।** सावन मास की पुण्य बेला में भगवान शिव की भक्ति से संपूर्ण क्षेत्र शिवमय हो उठा है। जिले भर में भोलेनाथ के भक्त विशेष उत्साह एवं श्रद्धा के साथ कांवर यात्रा पर निकल रहे हैं। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग स्थित गेज नदी से जल भरकर भगवान शंकर को अर्पित करने के लिए कांवरियों का एक विशाल जत्था छुरीगढ़ धाम के लिए रवाना होगा।

यह कांवर यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का परिचायक है, बल्कि यह भगवान शिव के प्रति गहरी श्रद्धा, समर्पण और विश्वास को भी दर्शाती है। श्रद्धालु गेज नदी के निर्मल जल को भरकर लगभग 15 किलोमीटर की कठिन यात्रा तय करते हुए छुरीगढ़ धाम पहुंचते हैं, जहां भगवान शिव के पवित्र मंदिर में जलाभिषेक किया जाता है। प्रेमाबाग स्थित गेज नदी, जिसे शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, से कांवरियों ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ जल संग्रहण किया। इस अवसर पर स्थानीय मंदिरों के पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ जल को



पवित्र किया गया। इसके पश्चात भक्तगण कांवर में जल लेकर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष करते हुए छुरीगढ़ धाम की ओर पैदल यात्रा पर रवाना हुए। कांवर यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह भक्तों की साधना, तपस्या और निष्ठा का अद्भुत उदाहरण है। सावन के सोमवार को जल चढ़ाना अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु उपवास रखकर भगवान शंकर का अभिषेक करते हैं। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में सावन के हर सोमवार को कांवर यात्रा की विशेष मान्यता है। ज्ञात हो कि कोरिया जिले में देवरहा बाबा सेवा समिति धर्म के कामों में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करती है देवरहा बाबा सेवा समिति की अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन के माह में जिले में हर दिन कोई न कोई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है विशेष कर प्रेमाबाग मंदिर में पूरे दिन कार्यक्रमों का आयोजन होते रहता है कार्यक्रम के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। निश्चित तौर पर देवरहा बाबा सेवा समिति के पूरे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।

## दुपहिया वाहन चोरी करने वाले नाबालिग समेत दो चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर के थाना माना क्षेत्र से तीन नग दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके कब्जे से 3 नग दोपहिया वाहन जब्त किया है। बता दें कि दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने हेतु भी लगाया गया है। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की विशेष टीम द्वारा वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन करने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी इस संबंध में सूचना एकत्र कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने के प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की विशेष टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना माना क्षेत्र में 02 व्यक्ति अपने पास दोपहिया वाहन रखें है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहें है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना माना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों एवं वाहन की पतासाजी करते हुए व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम दिनेश पाल निवासी अभनपुर रायपुर बतया तथा एक नाबालिग बालक था। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें दोपहिया वाहरन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गोल-मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा मोटर सायकल को थाना माना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बनरसी स्थित शराब दुकान के पास से चोरी करना बताया गया। चोरी की अन्य वाहनों के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा माना के अलग-अलग क्षेत्र से अन्य 02 नग दोपहिया वाहनों को भी चोरी करना बताया गया।

## साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी आर. के. जाम्बुलकर एवं अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आदिम जाति कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केंद्र (विज्ञान विकास केंद्र) में साईबर सुरक्षा, जागरूकता एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, ऑनलाईन फ्रॉड और सोशल मीडिया की सावधानी के विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम पासवर्ड बनाने, द्वि-खाते की उपयोगिता, बायोमैट्रिक पासवर्ड, मोबाईल सॉफ्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करने के फायदे, साईबर बुलिंग, साईबर फिशिंग, हनी ट्रैप, डिजिटल अरेस्ट, मैट्रीमोनियल वेबसाइट, डेटिंग एप्स जिसमें युवा पीढ़ी को से प्रेम प्रसंग के माध्यम से आर्थिक क्षति पहुंचायी जाती है, के बारे में विस्तार से बताया। माफिंग स्कैम जिसमें आसानी से किसी व्यक्ति के चेहरे को दूसरे व्यक्ति शरीर में फिट किया जा सकता है एवं म्यूल एकाउंट जैसे साईबर क्राइम से छात्राओं को सतर्क किया।

# अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर में अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2025 का आयोजन तेरापंथ भवन, बाई सागर में आज संपन्न हुआ। प्रतियोगिता की थीम थी संविधान की धार, मर्यादाओं का हो आधार, जिसमें जिलेभर के स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस विशेष आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य उमाशंकर शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में गीता प्रसाद नेमा, जितेन्द्र कुमार मिश्रा एवं प्रदेश प्रभारी ममोल कोचेटा उपस्थित रहे,प्रतियोगिता में निबंध लेखन, एकल एवं समूह गायन, चित्रकला, कविता तथा भाषण जैसे रचनात्मक आयामों को शामिल किया गया प्रतियोगिता को दो समूहों में विभाजित किया गया था समूह-1में कक्षा 5 वी से 8वी तक समूह-2में कक्षा 9वी से 12वी तक के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें संविधान एवं मर्यादाओं की समझ देना अणुव्रत मिशन का उद्देश्य है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार और शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के करकमलों से किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन ने बच्चों में आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया इस दौरान जैन समाज के पदाधिकारी , महिला मण्डल,गणमान्य जन एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग के गड्ढे बने जानलेवा गिरने से एक युवक की मौत

**रामानुजगंज।** बलरामपुर रामानुजगंज राष्ट्रीय राज्य मार्ग के गड्ढे लोगों के लिए लगातार जानलेवा साबित हो रहे हैं। शनिवार को इस गड्ढे में गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को बलरामपुर विकासखंड के ग्राम अमडंडा में रहने वाला युवक प्रमोद कुमार पिता खेद नाथ दास उम्र 35 वर्ष अपने बाईक में सवार होकर अपने परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने सनवाल जा रहा था इसी दौरान सुबह 11 बजे के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग में चोरपहरी में गड्ढे के चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित हो गई एवं वह गिर गया जिससे गंभीर चोट लगी तथा रक्तस्राव अधिक होने से मौके पर ही युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना पर मृत युवक के स्वजन पहुंचे। मासूम के सर से उठा बाप का साया, भाई हुआ बेसुध-मृतक प्रमोद अपने घर का इकलौता कमाउ सदस्य था जिसका 3 वर्षीय पुत्र एवं 6 वर्षीय पुत्री है मासूमों के सर से पिता का साया उठ गया। भाई सुबोध अपने भाई के दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर रामानुजनगंज पहुंचा अपने भाई को मृत देख कर बेसुध हो गया। जिसे तत्काल इलाज के लिए सौ बिस्तर अस्पताल ले जाया गया।

## यातायात नियम और कई जरूरी जानकारी मिली विद्यार्थियों को



**सूरजपुर।** वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग जरूरी है। साइबर सुरक्षा पर जोर देते हुए पुलिस ने छात्रों को अज्ञात लिंक, कॉल या ओटीपी शेयर न करने की सलाह दी। नशे से बचाव, महिला और बाल अपराध की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करने को कहा। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में व्यापक तौर पर जन जागरूकता के आयोजन किए जा रहे है जिसमें थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा शहरी सहित विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम, यातायात नियमों की जानकारी एवं नशे से दूरी है जरूरी के बारे में सुरक्षा संबंधी टिप्स देकर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शनिवार, 26 जुलाई 2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों से संवाद कर उन्हें यातायात सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग जरूरी है, सड़क पर सुरक्षित आवागमन कर सुरक्षित रहने, बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन न चलाने के लिये प्रेरित किया गया। नशे के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में जागरुक कर उसके सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह अपराध की ओर भी ले जाता है। चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल ने छात्रों बताया कि साइबर फ्रॉड वर्तमान में देश की बड़ी समस्या बनी हुई है। वर्तमान समय में काफी संख्या में लोग साइबर फ्रॉड का शिकार किसी न किसी रूप में हो रहे है। साइबर फ्राड होने पर साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 अथवा नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एण्ड्रोईड फोन का सही प्रकार से इस्तेमाल करने, मेल आईडी के पासवर्ड को सही तरीके से क्रियेट करने, सोशल साइटस पर अपनी किसी भी निजी जानकारी शेयर न करने की बात कही।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में किया कार्यक्रम नगर में



**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर संकुल अंतर्गत संकुल प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के निर्देशन में शासकीय माध्यमिक शाला पुलिसलाइन में पदस्थ प्रधान पाठक/ संकुल समन्वयक अमृत लाल बैरागी एवं शासकीय माध्यमिक शाला जनकपुर में पदस्थ प्रधान पाठक / संकुल समन्वयक भोला राम साहू के शासकीय सेवा से सेवा निवृत्ति पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, विकास खंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विनय मोहन भट्ट की उपस्थिति में श्रीफल , साल, स्मृति चिन्ह देकर किया गया, कार्यक्रम में दोनों सेवानिवृत शिक्षकों ने अपने सेवा अवधि के अनुभव को साझा करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों को प्रेरित किया,कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता दोनों सेवानिवृत शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कोई भी शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता, शिक्षक ही ऐसा पद है जिसके लिए भूतपूर्व शब्द प्रयोग नहीं किया जाता शिक्षक चाहे तो सेवानिवृत के बाद भी अपने नजदीकी स्कूल में अध्यापन कार्य करा सकते है। कार्यक्रम के अंत में संकुल प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता द्वारा दोनों सेवानिवृत शिक्षकों के स्वस्थ जीवन की कामनाओं के साथ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित संकुल के सभी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती पुष्पा सिंह,सुश्री साहिस्ता अंजुम अली , संकुल समन्वयक संजय कुमार यादव के साथ संकुल केंद्र कन्या बैकुंठपुर अ एवं ब से समस्त शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित रहे।

## जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया महापौर ने

### डुबान में आए लोगों को पंप लगाकर दी गई राहत

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने विगत रात्रि लगातार बारिश होने से जलभराव की समस्या का जोन 5 और जोन 6 क्षेत्र में कुकरीपारा, प्रोफेसर कॉलोनी, परशुराम नगर सहित अन्य निचले क्षेत्रों में महामाया मन्दिर वार्ड पार्षद श्रीमती जयश्री नायक और पण्डित वामनराव लाखे वार्ड पार्षद श्री बब्बी सोनकर, जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक, जोन 6 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव और सम्बंधित जोन अधिकारियों सहित जलभराव की समस्या से सम्बंधित क्षेत्रों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप ने जोन 5 और जोन 6 जोन कमिश्नरों को जलभराव की समस्या से घरों में हुए जल भराव से त्वरित राहत सम्बंधित परिवारजनों को दिलवाने तत्काल पम्प लगाकर घर में भरा जलभराव का पानी पम्प से खींचकर बाहर फेंकवाना और लोगों को त्वरित राहत दिलवाना सुनिश्चित करवाने और साथ ही जल का भराव वाले घरों में परिवारजनों को तत्काल लंच पैकेट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम जोन 5 और जोन 6 के अधिकारियों को साथ में बैठक और जलभराव क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे करते हुए जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नए नाले का शीघ्र निर्माण करवाने प्रस्ताव भेजने और सम्बंधित जलभराव क्षेत्रों में मानसून के दौरान विशेष सतर्कता और सजगता बनाये रखकर सफाई व्यवस्था लगातार अच्छी रखकर सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश सम्बंधित जोन कमिश्नरों को दिए हैं। महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप ने रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों और जोनों में लगातार बारिश के दौरान हुए जलभराव की स्थिति की जानकारी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों से लेकर शहर में लगातार अच्छी सफाई व्यवस्था कायम करने सतत मॉनिटरिंग कर सफाई सम्बंधित जनशिकायतों का जोन के स्तर पर वार्ड पार्षदों से समन्वय रखकर यथासम्भव त्वरित निदान प्राथमिकता से किया जाना सुनिश्चित किया।

## मूसलाधार बारिश ने तोड़ा 10 वर्षो का रिकार्ड

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज जशपुर, कुसमी, शंकरगढ़ क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश के बाद आज सुबह 7 बजे से कन्हर नदी का जल स्तर बढ़ना शुरू हुआ और देखते-देखते नदी का पानी 10 वर्षों के अपने रिकार्ड को तोड़ते हुए राम मंदिर घाट से शिव मंदिर घाट तक बने सीसी रोड तक पहुंच गया। राम मंदिर घाट, महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट में सैकड़ो की संख्या में लोग कन्हर नदी का नजारा देखने पहुंचे। पुलिस के द्वारा भी लगातार पेट्रोलिंग एवं मौके पर पुलिस बल तैनाती कर दी गई थी। गौरतलब है कि विगत 10 वर्षों के बाद कन्हर नदी का जलस्तर इतना बढ़ा है। महामाया मंदिर के नीचे बना छठ घाट की सीढ़ियां देखते-देखते पूरी डूब गई वही नदी का पानी मां महामाया मंदिर के सीढीओ को छूने लगा। राम मंदिर काफ ी ऊंचाई में है जिसके सीढीओ तक पानी पहुंच गया था। कनहर का पानी एनीकट के सुरक्षा दिवार को पार कर आमंत्रण धर्मशाला के सामने से बहने लगा।

## राजधानी में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**रायपुर।** राजधानी में भारी वर्षा होने के पश्चात कई ईलाकों में विद्युत की आंख मिचौली से लोग परेशान हो गए हैं। वर्षा होते ही एक बड़ा हिस्सा अंधेरे में डुब जाता है। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की दो इकाईयां विद्युत उत्पादन करत हैं। रायपुर में इस समय पूर्व पश्चिम, उत्तर संभाग बनाए गए हैं। ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। राजधानी के सिविल लाइन बुढ़ातालाब, तेलघानी नाका, लाखेनगर सहित कचहरी चौक एवं अन्य स्थानों में विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण अधिक से अधिक शिकायतें आई हैं। बारिश से पहले सेड्यूल मैन्टेनेंस की वजह से बिजली बंद हो जा रही थी अब आधी बारिश होते ही। सप्लाई बंद हो जाती है। अधिकारियों का कहना है कि यह तकनीकी दिक्कत है। मौलश्री बिहार में ग्यारह गेवी का फीडर बंद होने से बिजली बंद थी। वहीं पुरैना के गोवर्धन चौक में फीडर की तकनीकी शिकायत मिली है। इससे काशीराम नगर, में बिजली आपूर्ति प्रभावित थी। राजधानी के ब्राम्हणपारा, चौबे कालोनी, शंकरनगर के विद्युत उपभोक्ता भी काफी परेशान रहे। विद्युत अधिकारियों की टीम ने आज सुबह से ही फीडर तथा ट्रांसफार्मर हो दुरूस्त कराया है। विद्युत मंडल के तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि राजधानी के अनेक वार्डों में विद्युत आपूर्ति सामान्य करने के लिए कई स्थानों से वृक्ष काटे गए हैं। लाइनों के मैंटनेंस का काम जारी है। पुरानी बस्ती, लोहार चौक, लाखेनगर, लीली चौक सहित ब्राम्हणपारा के आसपास भी विद्युत सुधार का काम दोपहर तक चलता रहा।

## मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई 2025) पर भारत माँ की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई का दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस, अटल संकल्प और मातृभूमि के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाले सपूतों के अमर बलिदान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कारगिल की बर्फीली चोटियों पर हमारे वीर जवानों ने जो साहस दिखाया, वह इतिहास के स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

भारतीय सेना ने न केवल दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में लड़ते हुए दुश्मनों को परास्त किया, बल्कि भारत की अस्मिता, अखंडता और सम्मान की रक्षा करते हुए अमर बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि चाहे कारगिल युद्ध हो या घाटी में आतंकवादियों से मुठभेड़, भारतीय सैनिकों ने हर चुनौती में वीरता की नई मिसाल कायम की है। यह दिवस हमें उन अमर बलिदानियों को स्मरण करने का अवसर देता है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा हेतु प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने समस्त प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस पावन अवसर पर हम सब मिलकर राष्ट्र की रक्षा में समर्पित जवानों और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञ रहते हुए देशसेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। राजधानी में आज विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने भी कारगिल में शहीद हुए जवानों को श्रद्धासुमन अपिर्त किया। शहीद हुए जवानों को भी याद किया गया।

## सट्टा संचालित करते तीन सटोरिये गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के थाना गोबरा नवापारा क्षेत्र में सट्टा संचालित करते एक सटोरिये को गिरफ्तार किया गया है तथा उसके पास से सट्टा पट्टी तथा नगदी 1800 रूपये जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना गोबरा नवापारा पुलिस को सूचना मिली थी कि गाडापारा गणेश नगर रंगमंच के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना पर रेड कार्यवाही के दौरान सट्टा-पट्टी के माध्यम से सट्टा संचालित करते एक व्यक्तिय को पकड़ा गया, पूछताछ में अपना नाम गणेश बघेल बताया गया।

## बाढ़ में फंसे तीन लोगों को एसडीआरएफ की टीम ने बचाया

**दुर्ग।** जिले के कुम्हारी ग्राम चोरहा नाला ग्राम रामपुर नाला के किनारे बने बाड़ी में बाढ़ के पानी में फंसे तीन लोगों को एस.डी.आर.एफ दुर्ग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग कंट्रोल रूम को कुम्हारी ग्राम चोरहा नाला ग्राम रामपुर नाला के किनारे बने बाड़ी में बाढ़ के पानी में तीन लोगों के फंसे होने की सूचन मिली थी। सूचना पर तत्काल एस.डी.आर . एफ टीम का मौके के लिए रवाना किया गया तथा मौके पर पहुंचकर जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बचाव अभियान चलाया गया और कड़ी मशक्कत के बाद बाढ़ में फंसे वासु, त्रिभुवन, भूमि के साथ ही तीन बकरियों को सुरक्षित निकाला गया।

## चाकू लहराकर दहशत फैला रहा युवक पकड़ाया

**धमतरी।** धारदार हथियार लहराकर दहशत फैला रहे रहे युवक को थाना कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्टील का चाकू जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति संतोष अस्पताल के सामने गली में धारदार चाकू लहराकर आमजन को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और देखा कि एक युवक चाकू लहराते हुए दहशत फैला रहा था। धमतरी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही काबू में लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 01 नग स्टील का धारदार चाकू बरामद किया गया जिसे मौके पर जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम टुमेन्द्र लहरे पिता जगदीश लहरे, उम्र 25 वर्ष, निवासी शासकीय स्कूल के पीछे, हटकेशर, धमतरी है।

# नरसिंहपुर व ज्ञान कुंज स्कूल में एक पेड़ लगाया मां के नाम, बड़ी भागीदारी तय

**कोरिया बैकुंठपुर।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से द न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल, नरसिंहपुर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानवीय संवेदनाओं को पर्यावरण से जोड़ते हुए पौधारोपण को जन-आंदोलन बनाना था।

इस अवसर पर द न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों, शिक्षकों व समस्त स्टाफ ने मिलकर स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार व औषधीय पौधों का रोपण किया। साथ ही सभी ने इन पौधों की निरंतर देखरेख व संरक्षण का संकल्प भी लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत देशवासियों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी माताओं के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल उसी प्रकार करें, जैसे एक माँ अपने बच्चे की करती है। जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया के मंशा व निर्देशानुसार द न्यू दिल्ली पब्लिक



स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में भी समानांतर रूप से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें छात्रों और शिक्षकों की भागीदारी अत्यंत सराहनीय रही। विद्यालय परिसर में न केवल पौधारोपण हुआ, बल्कि विद्यार्थियों ने पर्यावरण की महत्ता पर सुंदर-सुनियोजित पोस्टर बनाकर प्रदर्शित किए। साथ ही पौधों का जीवन में महत्व विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिससे बच्चों में लेखन क्षमता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता दोनों का विकास हुआ। इस विशेष आयोजन में विद्यालय संचालक नीरज शिवहरे व प्रबंधक शकील अहमद ने सभी को पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रेरित किया। शिक्षकों में तृप्ती गेलहोत, सरीता चतुर्वेदी, जानवी सिंह, काजल कश्यप, मधु गुप्ता, प्रियंका, उमेश्वरी, आकांक्षा, अनामता, रोशन पाठक व आकाश रोबर्ट सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक भावनात्मक और सामाजिक संदेश लेकर आया कि हमें अपनी प्रकृति की रक्षा उसी आत्मीयता से करनी चाहिए, जैसे हम अपनी माँ की करते हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान ने बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति प्रेम व जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया।

## विधायक पटेल छुरी पहुंचे

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल छूरी पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन के निवास स्थान पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, प्रीतम देवांगन, डेकरांत देवांगन, टिकैत डोंगरे, रमेश श्रीवास, कांता देवांगन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। रलिया में भी मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रभारी हरिश थरवानी के अलावा मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर प्रताप कंवर, हेमंत तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तीन मंडल बनेंगे बांकी ब्लॉक में

**कोरबा।** कल ब्लाक अध्यक्ष टीकाराम मनहर के निवास स्थान पर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कांग्रेस के जिला शहर अध्यक्ष नाथू यादव व प्रभारी सपना चौहान उपस्थित थे। संगठन को मजबूत करने के लिए बांकीक्षेत्र में मंडल निर्माण योजना पर चर्चा की गई। इस ब्लाक में तीन मंडल बनाए जाएंगे और 9 सेक्टर का गठन होगा। 21 सदस्यों की समिति भी बनायी जाएगी। बैठक में महिला कांग्रेस की जिला महामंत्री भुनेश्वरी दास,प्रदीप अग्रवाल, कृष्णा दास, फिरोज अनंत, रूपा मनहर, छतबाई चौहान सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। आज कटघोरा ग्रामीण ब्लाक की बैठक छूरी में आयोजित की गई है। इस बैठक में मंडल गठन करने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं का बुलाकर उनके विचार लिए जा रहे हैं। जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज चौहान के निर्देश पर यह बैठक हो रही है।

## शहीदों की याद में जलाई गई मोमबत्ती

**कोरबा।** कारगिल युद्ध को याद करते हुए भाजपाइयों ने सुभाष चौक पर विजय दिवस के रूप में मोमबत्ती जलाए। इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, संजीव शर्मा, मिलापराम, पुनीराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हेपेटाइटिस डे पर स्वास्थ्य शिविर कल

**कोरबा।** वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे पर कोरबा के पतंजली चिकित्सालय में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, नीमा एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन इसके आयोजक हैं। शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा और लायंस एवरेस्ट के अध्यक्ष शिव जायसवाल ने बताया कि अधिकतम लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया गया है। शिविर में आये रोगियों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श के साथ-साथ उनके लिये उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। तथा लिवर के लिये उपयोगी यकृत बूस्टर क्वाथ भी निशुल्क पिलाया जायेगा। साथ ही रोगियों को उनके लिये उपयोगी जीवनशैली के बारे में भी व्यक्तिगतरूप से परामर्श देने के साथ-साथ उनके लिये लाभकारी दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार, विहार के विषय मे व्यक्तिगतरूप से विस्तार से परामर्श दिया जाएगा।

# लव जिहाद : विशेष विवाह पर लगी रोक, युवक की भूमिका की जांच

**कोरबा।** कटघोरा की एक युवती को झांसे में लेने के बाद पश्चिम बंगाल के कोलकाता ले जाने और मस्जिद में कथित रूप से विवाह करने के प्रकरण को हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ पहले ही अवैध करार दे चुका है। कटघोरा के तौसिफ मेमन ने इस मामले को कोरबा में विवाह अधिकारी के समक्ष लगाया था और अनुमति की मांग की थी। लंबी प्रक्रिया और युवती के परिवार व हिंदू संगठनों की आपत्ति के बाद फिलहाल विशेष विवाह पर ब्रेक लग गया है। इसके साथ ही युवक की भूमिका की जांच करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया है।

न्यायालय अपर कलेक्टर और विवाह अधिकारी जिला कोरबा की ओर से पत्र क्रमांक 9815 के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को कहा गया है कि वह इस पूरे मामले में स्पष्ट रूप से जांच करने के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराए। विशेष विवाह अधिनियम की धारा के तहत आवेदक तौसिफ मेमन ने आवेदन दिया था। इस परिप्रेक्ष्य में कटघोरा कसनिया निवासी युवती के परिजनों सहित विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने अपनी आपत्ति प्रशासन के समक्ष दर्ज कराई। इनमें अरविंद अग्रवाल, अवधेश सिंह, प्रभुचरण सिंह बिसेन, नरेश कुमार जगवानी, प्रकाशचंद जैन और मोहनलाल श्रीवास सहित अन्य संगठनों की आपत्ति मुख्य रही। अपर कलेक्टर न्यायालय की ओर से पुलिस अधीक्षक को कहा गया किअलग-अलग तिथियों में उपरोक्त व्यक्तियों से प्राप्त संबंधित पत्रों का अवलोकन किया जाए। इसमें तौसिफ मेमन के द्वारा विशेष विवाह की अनुमति को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। संबधित पत्रों के माध्यम से कहा गया है कि आवेदक रोहंगिया मुस्लिम है जो कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश से आकर कटघोरा में निवासरत है। लव जिहाद के साथ उत्तरप्रदेश के जलालुद्दीन उर्फ झंगुर बाबा से जुड़ा हुआ है। पीड़िता को डरा-धमका कर प्रलोभन देकर योजनाबद्ध साजिश के तहत कोलकाता पश्चिम बंगाल ले जाकर उस पर दबाव बनाया गया। जबरदस्ती सहमति प्रदान कराई गई। जिसे माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में स्वीकार किया गया। इस प्रकरण में लव जिहादी गिरोह न्यायालय और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग कर गजवा ए हिंद को साधकर कानूनी संरक्षण प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त विवाह आवेदन को नियमानुसार रद्द/खारिज करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक को इन पत्रों की छायाप्रति भेजने के साथ कहा गया है इन पत्रों के संबंध में स्पष्ट तौर पर जांच कराई जाए और न्यायालय को अविलंब रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

इस मामले में विभिन्न संगठनों के द्वारा लगातार मांग की जा रही थी कि जिस युवती को उज्ज्वला केंद्र में रखा गया है उसे वहां से मुक्त



*इस प्रकरण में आपत्ति दर्ज कराते हुए सामाजिक संगठन के लोग।*

# सलिहाभाठा में हाथियों ने रौंदी धान की फसल, सर्वे

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा सब डिवीजन के अंतर्गत सलिहाभाठा मानिकपुर क्षेत्र में हाथी उत्पात के कारण कुछ किसानों की फसल को नुकसान हुआ। हाथियों की झुंड ने यहां पहुंचकर हमला बोला। खरीफ सीजन में लगाई गई फसल और इसके लिए की गई मेहनत के चक्कर में लोग परेशान हैं। उन्होंने फारेस्ट और प्रशासन को इस बारे में अवगत कराया है। हल्का पटवारी धनश्री सिदार ने बताया कि घटना के बारे में दो दिन पहले उनके पास जानकारी पहुंची है। सोमवार को नुकसान का सर्वे किया जाएगा।

खबर के अनुसार 20 जुलाई को पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत यह घटना हुई। यहां पर हाथियों ने न केवल खेतों में खड़ी फसल को तहस-नहस कर दिया। इसके अलावा चार मवेशियों को भी जमकर क्षति पहुंचाई। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान का उत्पादन करने के लिए उन्होंने इस बार अच्छी तैयारी की। ज्यादा पैदावार के लिए रणनीति बनाई और सरकार की योजना से ऋण प्राप्त किया। बेहतर बारिश होने से उनके खेतों में अनुकूलता की स्थिति निर्मित हुई। लेकिन इसी बीच हाथी उत्पात की घटना ने बड़ी चपत लगा दी। वीरेंद्र मरकाम और अन्य कृषकों का कहना है कि खेतों में हाथियों की उपस्थिति और उनके आक्रमण से बड़ा हिस्सा प्रभावित हुआ है। हाथियों के आने और फसल चौपट करने की जानकारी फारेस्ट के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन को है। ऐसे प्रकरणों में सरकार से क्षतिपूर्ति प्राप्त होने के प्रावधान बनाए गए हैं। किसान चाहते हैं कि समय पर मौके का निरीक्षण और सर्वे की प्रक्रिया संपन्न हो जाए ताकि हमारी चिंता दूर हो।



### प्रभावितों को चिंता करने की जरूरत नहीं

इस मामले में सलिहाभाठा मानिकपुर हल्का क्षेत्र की पटवारी धनश्री सिदार ने बताया कि भले ही हाथी के निशान बारिश से क्यों न मिट जाए, नुकसान की घटना में फसल की स्थिति भौतिक रूप से नजर आती ही है। सर्वे के अपने पैरामीटर हैं। सोमवार को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने के साथ अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को दी जाएगी। जिन लोगों को घटना में नुकसान हुआ है, उन सभी को राहत प्राप्त हो इसके लिए हम कोशिश करेंगे।

# वनोपज जांच नाका के वसूली में हुई अचानक बढ़ोत्तरी

### पूर्व कर्मियों पर संदेह

**कोरबा।** वनोपज जांचनाका तनेरा वर्तमान में कटघोरा वनमंडल अंतर्गत शासन के खजाने में सबसे अधिक राजस्व दाखिल करने वाले नाका में प्रथम स्थान पर है, चूंकि दो कोलमाइंस रानी अटारी एवं विजय वेस्ट संचालित होने के कारण यहां लगातार व्यापारी गाड़िया (ट्रक-ट्रेलर)बेरियर के रास्ते वन मार्ग से होकर चलती है। वन मार्ग के सुरक्षा एवं रख रखाव हेतु शासन द्वारा प्रतिवाहनों से प्रति ट्रीप 50 रूपए की राशि लिया जाता है। वर्तमान में जांच नाका प्रभारी अयोध्या प्रसाद सोनी (वनपाल) की जब से पदस्थापना हुई है। अचानक से खजाना दाखिल की राशि में वृद्धि हुई है अभी प्रतिमाह लगभग एक लाख से डेढ़ लाख रूपए वनोपज जांच नाका तनेरा से शासन के खाते में जमा किया जा रहा है। किन्तु इससे पहले यहां वनपाल अनिल कश्यप एवं अमित कुजूर कार्य देख रहे थे। उस समय महज 30-40 हजार रूपए ही प्रतिमाह शासन के खाते में जमा होते थे। शासन के खाते में जमा हो रही राशि के अंतर को देखते हुए अब वनमहकमे में पूर्व कर्मियों की कार्य प्रणाली को लेकर संदेह पैदा हो गया है कि कहीं कम राशि जमा कर शेष राशि का बंदरबाट तो नहीं कर लिया जाता था। वन विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत करते हुए जांच कराये जाने की मांग उठ रही है। वही नाका में पदस्थ तथा इसका कार्य देख रहे वन कर्मियों ने बताया कि बारिश की वजह से अधिक से अधिक गाड़ियों के खदान में लगने की वजह से वर्तमान में राशि में बढ़ोतरी हुई है। क्योंकि बरसात में काम नहीं होने के कारण अधिकांश वाहन मालिक अपनी गाड़ियों को खदान में लगा देते हैं।





राज्य स्तरीय इंडिपेंडेंस कप कंपटीशन में हिस्सा लेने के लिए कोरबा जिले की करातें टीम रायपुर रवाना हो गई है। 27 और 28 जुलाई को यह कंपटीशन होना है। एमएमए अकैडमी के संचालक अविनाश बंजारे ने बताया कि 30 खिलाड़ी जिले से सेलेक्ट हुए हैं जो मौके पर प्रदर्शन करेंगे। विजेताओं को सितंबर में दिल्ली में होने वाली नेशनल कंपटीशन में हिस्सा लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## कमला साहू दिवंगत

**कोरबा।** आरपी नगर फेस-1 निवासी पूर्व निगम कर्मी गिरीश साहू की पत्नी कमला साहू का कल निधन हो गया। वे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। आज दोपहर 12 बजे उनकी अंत्येष्ठी पोड़ीबहार मुक्तिधाम में संपन्न हुई।

## राष्ट्रीय बैठक में शामिल हुए छग के प्रतिनिधि

**कोरबा।** लोक जनशक्ति पार्टी ( राम विलास ) मजदूर संघ की राष्ट्रीय बैठक दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की गरिमामय उपस्थिति में सभी राज्यों से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे। छत्तीसगढ़ राज्य से बी. अरुण नायडू ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से भेंट कर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया तथा मजदूर हित में लोजपा के लेवर सेल द्वारा किए जा रहे कार्यों और अन्य विशेष परिस्थितियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को छत्तीसगढ़ आने का न्योता सह आग्रह किया । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ राज्य में पार्टी विस्तार पर सहमति देते हुए सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया।

# जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है पौधे :

**कोरबा।** विकासखंड मुख्यालय करतला में वन महोत्सव के अंतर्गत रविवार को वृहदा पौधारोपण किया गया। छायादार, फलदार और औषधी महत्व के पौधों का रोपण यहां पर किया गया। रामपुर क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वनों से ही जीवन है। जीवन की गारंटी इसी शर्त पर निर्भर है कि पर्यावरण को संरक्षित किया जाए।

वन विभाग और प्रशासन के माध्यम से यह कार्यक्रम किया गया। सरकार की योजना के तहत निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए गए, जिनका रोपण करतला के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। सभी ने पौधे लगाने के साथ इनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष अशोका बाई कंवर, प्रतिनिधि विश्राम सिंह, सरपंच फूलबाई राठिया, आकाश सक्सेना, दुलार सिंह राठिया, शिवम राय, अशोक सिंह, अजय तिवारी, अंकित राय, देवेंद्र राठिया, अर्जुन सिंह, मयाराम, सत्यप्रकाश खूंटे, कमलेश राय, जगदम्बा राय, राधा बाई, महेश्वरी राठिया, संतोषी राठिया, किशोर कुमार, शीलू साहू, मनोज दुबे, कृष्णा राय, शैलेंद्र राय, वंदना राय, पूजा राठिया, कैलाश देवी सारथी, रेणु सक्सेना मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# बरभांठा में स्कूल और घरों में घुस रही फ्लाई

### पूर्व पार्षद गोयल ने व्यवस्था पर उठाए सवाल

**कोरबा।** कटघोरा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित पौनी पसारी के समीप शासकीय भूमि पर नगर के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 14 के भाजपा नेता व पूर्व पार्षद शरद गोयल ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पोंडी उपरोड़ा तथा तहसीलदार पोंडी उपरोड़ा को लिखित शिकायत देकर शासकीय भूमि की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में पूर्व पार्षद ने बताया कि ग्राम कसनिया बरभांठा, परिहा नंबर 44, राजस्व निरीक्षक मंडल सुतर्रा, तहसील पोंडी उपरोड़ा अंतर्गत आने वाली खसरा नंबर 72, रकबा 0.255 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर कांट्रेक्ट एजेंसी ने अवैध रूप से राखड़ डंप कर अतिक्रमण किया जा रहा है। यह भूमि मुख्य सड़क बिलासपुर मार्ग पर स्थित है, जहाँ पहले से हरे-भरे पेड़ लगे हुए हैं। पूर्व पार्षद के अनुसार, राखड़ डंपिंग से क्षेत्र में गंभीर प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो गई है। राख उड़कर आसपास के घरों में पहुंच रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



वर्षा के मौसम में यह राख बहकर किसानों के खेतों में प्रवेश कर रही है, जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं और कृषि कार्य बाधित हो रहा है। इतना ही नहीं, उड़ती राख स्कूल परिसर तक पहुंच रही है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।शरद गोयल ने यह भी बताया कि पूर्व में इस शासकीय भूमि पर व्यावसायिक परिसर विकसित करने का प्रस्ताव था, परंतु किसी कारणवश यह कार्य नहीं हो पाया। अब इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा सुनियोजित तरीके से कब्जा कर अवैध डंपिंग की जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही, जो कि संदेहास्पद प्रतीत होता है। पूर्व पार्षद ने जिला कलेक्टर, कमिश्नर एवं राजस्व मंत्री से भी इस विषय में शिकायत कर निष्पक्ष जांच कराने की बात कही है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को प्रदूषण से राहत मिल सके और सरकारी जमीन का उपयोग जनहित में हो सके।

## न्यायालय को निरंतर चकमा देने वाले आरोपी को सुनाई गई सजा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पुराना बस स्टैंड शाखा कोरबा से एक लाख रुपए का ऋण लेकर उसे समय पर न लौटाने तथा दिए गए चेक के बाउंस होने के आरोपी को न्यायालय को डेढ़ लाख रुपए का प्रतिकर राशि के दंड एवं व्यतीक्रम में एक माह की सजा सुनाई गई। वह न्यायालय को 8 वर्षों से निरंतर चकमा दे रहा था तथा गुमराह कर रहा था। आखिरकार न्यायाधीश कुमुदनी गर्ग की अदालत ने फैसला दिया और उपरोक्त सजा सुनाई। जानकारी के अनुसार सिंधी धर्मशाला के पास रानी रोड कोरबा निवासी विनोद कुमार जगमलानी पिता मोहनलाल नामक युवक द्वारा मोमबत्ती निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की पुराना बस स्टैंड शाखा से एक लाख रुपए का ऋण 16.2.2012 को लिया गया था जिसे अदा करने के लिए उसके द्वारा बैंक को एक लाख 7 हजार 840 रुपए का चेक प्रदान किया गया। बैंक द्वारा उक्त चेक को आहरण हेतु जब शाखा में जमा किया गया तो उसमें पर्याप्त राशि न होना दिखाया गया। जिसकी विधिक सूचना बैंक के द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी युवक को दिया गया। इसके पश्चात् भी वह रकम चुकाने में असफल रहा, तब परिवादी बैंक द्वारा उसके विरूद्ध न्यायालय में 3.10.2017 को परिवाद पत्र दायर किया गया। प्रकरण प्रस्तुति के पश्चात् से आरोपी निरंतर न्यायालय को चकमा देता रहा तथा गुमराह करता रहा। कभी कहता कि बैंक से समझौते की बात चल रही है, कभी कहता मैं वकील बदलूंगा, कभी कहता मेरा वकील बिलासपुर से आ रहा है, कभी कहता कि विधिक सेवा से वकील चाहिए। आखिरकार जब प्रकरण अंतिम तर्क के लिए नियत हुआ तो वह अनुपस्थित हो गया। न्यायालय में अभियुक्त के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी कर उसे जेल भेजा तथा अपने निर्णय में आरोपी को दोषी पाते हुए रुपए डेढ़ लाख प्रतिकर के रूप में बैंक को अदा करने की सजा सुनाई। वहीं व्यतीक्रम में एक माह की सजा भी दी गई। परिवादी बैंक की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता धनेश सिंह ने की।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com